RNI : RAJHIN13216/2005

दैनिक
# गरीबों का सितारा

।। दशकों पुराना साथ।। निष्पक्ष कलम निर्भीक आवाज

"आमजन का अखबार" "जन-जन के विचार" हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com हमारा ध्येय : निष्पक्ष, निरंतर, निर्भय

वर्ष: 17 अंक: 359 पेज: 8 मूल्य 01 रु. जयपुर, शनिवार 22 जुलाई, 2023 Email: garibonkasitara@gmail.com


## UNIVERSITY OF ENGINEERING AND MANAGEMENT

IEM | UEM GROUP Jaipur and Kolkata

Campus: 'Gurukul', Udaipuria Mod, 6 kms. from Chomu on Sikar Road, Jaipur-303807 (Rajasthan)
City Office: 210-212, 2nd Floor, Apex Tower, Lalkothi, Tonk Road, Jaipur-302015 | 0141-4063336
9887313330, 9887933330
9887413330, 9887613330

Global Ratings: QS I-GAUGE Employability Diamond | Facilities Diamond | Entrepreneurship Gold | Student Diversity Gold | Teaching & Learning Diamond; India Today Best College Ranking Survey - 2023; Shalby Academy (A Unit of Shalby Limited); Cambridge Assessment English Authorised Centre; UGC (University under Section 2(f) of the UGC Act); AICTE Approved; AIU Member; NAAC Accredited

**UEM Jaipur is ranked in the Top Position (1st) in North India in 2023, under Institution's Innovation Council by Ministry of Education, Govt. of India**

### Ph.D Programme
Admission Notification
2023-24

Applications are invited from candidates who have Masters Degree for admission to Full Time/ Part Time Ph.D Programme in the fields of:
- Computer Science & Engineering
- Electrical Engineering
- Civil Engineering
- Electronics & Communication Engineering
- Mechanical Engineering
- Management
- Physics
- Chemistry
- Mathematics
- Humanities
- English

| | |
|---|---|
| Last Date to Apply: | 31st August, 2023 |
| Entrance Examination: | 20th September, 2023 |

Teaching / Research Assistanchip of Rs. 30,000/- For Full Time Ph.D Students having 90 % Attendance

### MBA in Hospital & Healthcare Management
2 Year Degree Programme
University of Engineering & Management Jaipur
in association with
SHALBY ACADEMY
(Training Partner)
SHALBY MULTI-SPECIALTY HOSPITALS

PLACEMENT OPPORTUNITY: SHALBY will provide placements opportunity to meritorious students at it's various Hospitals across India based on available vacancies.

News18 राजस्थान — Awarded for — Outstanding Placement in Engineering & Management - Domestic & International
1st इंडिया News — Awarded for — Excellent Placements in Engineering and Management - Domestic & International
India न्यूज़ — Awarded for — Most Trusted University with Skill Based Quality in Education and Best Placements in Rajasthan
Outlook ICARE Top Colleges of India Rankings 2023 — Ranked #45 — amongst TOP Private University in all over India
India Today Best College Ranking Survey - 2023 — Ranked #19 — for BCA - All India Private & Government Colleges

**B.TECH**
**M.TECH**
Admissions Open 2023-24
Computer Science & Engineering | Electronics & Communication Engineering | Electrical Engineering | Civil Engineering | Mechanical Engineering
Artificial Intelligence (A.I.) & Machine Learning (M.L.)
**B.TECH Lateral Entry**

**MBA Executive**
**BBA, MBA**
**BCA, MCA**
**BPT, MPT**

★ ★ ★ ★ ★ One of the Best Placement Records of the Country - Placement at UEM Jaipur continues till the last willing student is placed

PLACEMENTS: INR 6.5 LPA Average Annual Salary | 1963 + No. of Students | 2894 + No. of Job Offers | INR 72 LPA Highest Annual Salary | 550 + No. of Companies

MORE THAN ₹ 5 CRORES WORTH SCHOLARSHIPS PROVIDED TO THE MERITORIOUS STUDENTS

FOREIGN UNIVERSITY COLLABORATIONS

MORE THAN 8000+ CERTIFICATION FROM FOREIGN UNIVERSITIES

IEM Group Presence in Canada | USA | Singapore | UAE | Japan | France | Nepal | Bangladesh | India - Kolkata | Delhi, Jaipur, Bangalore, Tripura, Bihar, Jharkhand, Assam

PARTICIPATE IN OFFLINE IEMJEE 2023 EXAM TO AVAIL EXCELLENT SCHOLARSHIPS

Admission Helplines:
9887313330, 9887933330
9887413330, 9887613330

| पूर्वानुमान> | शनि | रवि | सोम | मंगल |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 26° अधिकतम> | 31°c | 30°c | 29°c | 30°c |
| न्यूनतम> | 26°c | 27°c | 26°c | 26°c |

बिजली कटौती को लेकर सड़क पर उतरने को मजबूर लोग- आप राजस्थान महासचिव

# पानी और बिजली की समस्या राजस्थान की से जनता परेशान है: प्रदेश महासचिव महेंद्र माण्डिया

**प्रदेश के 10 प्रतिशत परिवारों को पीने के पानी की कोई सुविधा नहीं**

**आम आदमी पार्टी की सरकार बनने पर राज.में होगा क्रांतिकारी बदलाव**

**पेयजल और बिजली कटौती जैसी समस्याओं से जनता को छुटकारा दिलाएगी आम आदमी पार्टी**




सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश महासचिव महेंद्र माण्डिया ने राजस्थान में बिजली कटौती और पेयजल समस्या को लेकर गहलोत सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि सरकार जनता को फ्री बिजली देने की घोषणा तो कर दी लेकिन प्रदेश के कई जिलों के लोग आज भी बिजली कटौती से जूझ रहे हैं। सरकार लोगों की समस्याओं का समाधान करने की बजाय झूठे वादे और खोखली घोषणाएं करके एक बार फिर से सत्ता की कुर्सी पर बैठने की कोशिश कर रही है जो कि इस बार असंभव है।

प्रदेश महासचिव महेंद्र माण्डिया ने कहा कि उमस भरी गर्मी में प्रदेश में जगह- जगह मिसमैनेजमेंट के कारण बिजली कटौती की जा रही है । सीएम अशोक गहलोत ने आम आदमी पार्टी शासित दिल्ली और पंजाब की सरकारों की नकल करते हुए राजस्थान में बिजली तो फ्री कर दी लेकिन उसे अमली जामा पहनाने में सीएम अशोक गहलोत आज भी पीछे हैं। राजस्थान में जहां बिजली आती है वहां कटौती के कारण जनता उसका सदुपयोग नहीं कर पा रही है और तो और कई इलाके ऐसे हैं जहां बिजली के लिए लोगों को संघर्ष करना पड़ रहा है। महेंद्र माण्डिया ने कहा कि जैसलमेर, धौलपुर बिजली की समस्या से तो डूंगरपुर में पानी की समस्या से परेशान होकर लोग सड़क पर उतरने को मजबूर हैं। धौलपुर के मोहनगढ़ नहरी इलाके के किसानों ने तो बिजली-पानी की समस्या को दूर करने के लिए जिला प्रशासन को 7 दिन का अल्टीमेटम तक दे दिया है। पानी की समस्या से किसानों की फसल को नुकसान हो रहा है जबकि वोल्टेज कम आने के चलते लोग बिजली की समस्या से भी जूझ रहे हैं। महेंद्र माण्डिया ने कहा कि राजस्थान में 10.24 प्रतिशत परिवारों के पास अब भी पीने के पानी की कोई सुविधा नहीं है। ये वो लोग हैं जिनके घर से 30 मिनट की वॉकिंग डिस्टेंस में पीने के पानी का कोई साधन उपलब्ध नहीं है लेकिन प्रदेश सरकार जलजीवन मिशन के नाम पर सिर्फ भ्रष्टाचार करने में व्यवस्त है।

महेंद्र माण्डिया ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि बीजेपी जिन मुद्दों को चुनावी फायदे के लिए उठा रही है अगर उन समस्याओं को वो पिछले पौने पांच साल से उठाती तो आज लोगों को बिजली और पानी की समस्याओं से इस तरह जूझना नहीं पड़ता। माण्डिया ने कहा कि जनता ने बीजेपी को विपक्ष के रूप में चुना जिससे कि प्रदेश सरकार की जनविरोधी कार्यों पर लगाम लगाई जा सके लेकिन बीजेपी ने मौन रहकर सरकार का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि बिजली और पानी के क्षेत्र में आम आदमी पार्टी ने दिल्ली और पंजाब में क्रांतिकारी काम किया है। इस बार आम आदमी पार्टी राजस्थान की जनता के बीच मौजूद है औ? लगातार उनके मुद्दों को उठा रही है आगामी चुनाव में आम आदमी पार्टी बीजेपी और कांग्रेस को धूल चटाने का काम करेगी। आप की सरकार बनने के बाद आमजन की समस्याओं को दूर करते हुए उन्हें विकास के रास्ते पर ले जाया जाएगा।

## पंचाग

सितारा — निर्भीक कलम, निष्पक्ष आवाज

**दिनांक: 22जुलाई 2023 शनिवार**
**विक्रम संवत2080 अधिक श्रावन शुक्ल पक्ष**

| | | |
| --- | --- | --- |
| तिथि | चतुर्थी | 09:25:43 |
| पक्ष | शुक्ल | |
| नक्षत्र | पूर्व फाल्गुनी | 16:57:15 |
| योग | वरियान | 13:22:38 |
| करण | विष्टि भद्र | 09:25:43 |
| करण | बव | 22:36:50 |
| चन्द्र राशि | सिंह | 23:40:56 |
| चन्द्र राशि | कन्या | 23:40:56 |
| सूर्य राशि | मिथुन | |
| दिशा शूल | पूर्व | |
| सूर्योदय(जयपुर) | | 05:47:06 |
| सूर्यास्त | 19:19:16 | |
| चंद्रोदय | 09:29:33 | |
| चंद्रास्त | 22:17:38 | |
| राहू काल | 09:10 - 10:52 | |
| अभिजित | 12:06 - 13:00 | |

**शुभ चोघडिया**

| | | |
| --- | --- | --- |
| शुभ | 07:29 - 09:10 | शुभ |
| चर | 12:33 - 14:15 | शुभ |
| लाभ | 14:15 - 15:56 | शुभ |
| अमृत | 15:56 - 17:38 | शुभ |



ज्योतिषाचार्य
भानुप्रकाश शास्त्री

## ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराया डाक पार्सल कंटेनर:चालक सुरक्षित



सितारा न्यूज नेटवर्क

**वी.पी.मीणा / बहरोड़।** जयपुर- दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 48 पर बहरोड़ के कांकर छाजा कट के पास शुक्रवार तड़के 3 बजे सड़क हादसा हो गया। हाईवे पर पत्थर की रोडियो से भरा हुआ ट्रैक्टर ट्रॉली खड़ा हुआ था। मुंबई से डाक पार्सल लेकर दिल्ली जा रहा बंद बॉडी कंटेनर ओवरटेक करते समय ट्रैक्टर- ट्रॉली से जा टकराया। हादसा इतना भीषण थी कि केबिन टूट कर पीछे जा गिरा। वही कंटेनर में कंडक्टर की साइड का हिस्सा काफी दूर तक क्षतिग्रस्त हो गया। अंदर भरे हुए डाक पार्सल बिखर गए। तेज धमाके की आवाज सुनकर आसपास के होटल संचालक मौके पर पहुंचे और टूटे हुए केबिन में फंसे हुए चालक को सुरक्षित बाहर निकाला। हादसे में बंद बॉडी कंटेनर में काफी नुकसान हुआ है। उत्तर प्रदेश के मथुरा निवासी कंटेनर चालक 32 वर्षीय राधा रमन ने बताया कि उसे सुबह 5 बजे दिल्ली पहुंचना था। वहीं एक्सीडेंट होने के बाद चालक ट्रैक्टर-ट्रॉली को लेकर मौके से फरार हो गया। हाईवे पर पत्थर की रोड़िया पड़ी हुई है और लोहे के फट्टे पड़े हुए हैं।

दरअसल रोड़ी, बजरी-डस्ट से भरे हुए ट्रेलर, डंपर और ट्रैक्टर-ट्रॉली हाईवे सड़क किनारे खड़े रहते हैं। इनके चालक सर्विस सड़क किनारे बने हुए होटल और ढाबों पर चाय- पानी पीने, नाश्ता करने ओर खाना खाने के लिए रुक जाते हैं। वे अपने वाहनों को हाईवे की सड़क किनारे खड़ा कर देते हैं। जबकि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के द्वारा जगह- जगह हाईवे से सर्विस सड़क की तरफ कट बनाकर वाहनों को खड़ा करने की व्यवस्था की हुई है। लेकिन चालक अपनी मनमर्जी से वाहनों को खड़ा कर देते हैं। जिसके कारण इस प्रकार के हादसे होते हैं।

## हाई मास्क लाइट खराब, अँधेरे से लोग परेशान



सितारा न्यूज नेटवर्क

**नारायणपुर, (बिन्टू कुमार )।** कस्बे के मुख्य बाजार में लग रही हाई मास्क लाइट पिछले कई दिनों से खराब पड़ी हुई है, जिससे दुकानदार एवं कस्बेवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं। जानकारी के अनुसार पिछले साल लोगो की परेशानी को देखते हुए ग्राम पंचायत द्वारा लाखों रुपए की लागत से कस्बे के मुख्य बाजार सहित अनेक मोहल्ले, ढाणियों में हाई मास्क लाइट लगवाई गई थी। लेकिन कुछ समय बाद में ही ये लाइटें बारिश के चलते खराब हो गई। जिससे एक बार फिर अँधेरा पसर गया। जबकि कस्बे का यह मुख्य बाजार हैं। यहाँ लाइट लगने से शाम के समय दुकानदारों को काफी फायदा मिलता था। इसके लगने से मुख्य बाजार में रौनक बढ़ गई थी। लेकिन वर्तमान में लाइट खराब होने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं। स्थानीय लोगों ने खराब पड़ी लाइटों को जल्द ठीक कराने की मांग की हैं। इधर सरपंच मन्नी देवी ने बताया कि लाइटों को ठीक कराने के लिए संबंधित ठेकेदार को पत्र लिखा गया है। जल्द ही खराब लाइटों को ठीक करा दिया जायेंगा।

आसपास के लोगों ने पांचो सवारों को निकाला बाहर

## आर्टिका कार और स्विफ्ट में जबरदस्त भिड़ंत: कार में सवार पांचों लोग बचे बाल-बाल





सितारा न्यूज नेटवर्क

**वी.पी.मीणा /बहरोड।** बहरोड़-नारनौल स्टेट हाईवे पर शुक्रवार को दोपहर करीब 12 बजे एक हादसा घटित हो गया । हादसे में दो कारों में आपसी भिड़ंत हो गई। जिनमें से एक कार पलटकर क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि दोनों कारों में सवार लोग सुरक्षित बच गए। दोनों कारों में कुल 5 लोग सवार थे । दुर्घटना के बाद स्टेट हाईवे पर वाहनों का जाम लग गया। आसपास के लोग मदद के लिए दौड़े और लोगो ने कारों में फंसे हुए चालक और सवारियों को सुरक्षित बाहर निकाला।दरअसल गांव हमींदपुर निवासी धर्मपाल यादव अपने बेटे के साथ पत्नी रामरति को दिखाने के लिए हरियाणा के नारनौल जा रहा था। जैसे ही वह गांव बिजोरावास के पास पहुंचे। उनकी आर्टिका कार को पीछे से आ रही स्विफ्ट कार ने टक्कर मार दी। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि आर्टिका गाड़ी का पीछे का टायर फटने के बाद हवा में फुटबॉल की तरह लहराने लगा ओर पलट गई जिससे कार के चारों पहिए ऊपर हो गए।



तेज धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग और राहगीर मौके पर पहुंचे और कार में सवार सभी को सुरक्षित बाहर निकाला। हादसे की सूचना पुलिस को दी गई, मौके पर तत्काल ड्यूटी ऑफिसर सब इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार पहुंच गए। जिन्होंने घटनास्थल का जायजा लिया तथा हादसे की जानकारी हासिल की। उन्होंने बताया कि आर्टिका कार चालक को मामूली चोटें आई है। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया है।

## विवाह की 31वीं वर्षगांठ पर पौधारोपण कर पर्यावरण चेतना का दिया संदेश



सितारा न्यूज नेटवर्क

**कुचामनसिटी( अनिल सिखवाल)।** हिंदू युवा वाहिनी के वरिष्ठ कार्यकर्ता ओम प्रकाश स्वामी ने विवाह की 31वीं वर्षगांठ पर पौधारोपण कर पर्यावरण चेतना का संदेश दिया । वाहिनी के प्रदेश उपाध्यक्ष मदनलाल कुलडिया ने प्रत्येक जन को अपने जीवन में एक पौधा लगाकर उसकी सेवा करने एवं पर्यावरण को स्वच्छ रखने एवं सभी को पर्यावरण के प्रति जागरूक रहकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया । इस दौरान वाहिनी के रवि भार्गव, रूप सिंह राजपुरोहित, भाजपा नेता सुरेंद्र सिंह दीपपुरा, गजेंद्र सिंह आनंदपुरा, हेमंत स्वामी, अनिल सिंह, रमेश कुलडिया आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ब्यावर में चलाया जा रहा मतदाता जागरूकता अभियान

सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी (एसडीएम) के निर्देशन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत आगामी विधानसभा आम चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार किया जा रहा हे।

स्वीप टीम की ओर से प्रतिदिन नियोजित कार्यक्रम वार्ड के अनुसार ईवीएम, वीवीपीएटी का मतदाताओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है । जिस वार्ड में पिछले चुनाव में कम प्रतिशत में मतदान हुआ था उस वार्ड में नुक्कड़ सभा आयोजित कर अधिक से अधिक मतदान करने हेतु मतदाताओं को प्रेरित किया गया है तथा नव मतदाताओं को ई वी एम, वीवीपीएटी द्वारा मतदान की प्रक्रिया व मतदान का महत्व समझाया गया। स्वीप कार्यक्रम के तहत वार्ड न 80 से 83 तक वीवीपीएटी, ईवीएम द्वारा मतदान की प्रक्रिया समझाई गई। टीम ने आज पूजा नर्सिंग संस्थान में ईवीएम से नव मतदाताओं को मतदान की प्रक्रिया समझाई तथा मतदान अवश्य करने की प्रतिज्ञा भी दिलाई ।

## धूमधाम से कलश यात्रा निकाल सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का हुआ शुभारंभ






सितारा न्यूज नेटवर्क

**धौलपुर/अंकित गोयल।** धौलपुर शहर के जीटी रोड स्थित गली नंबर 4 मोहन कॉलोनी गौशाला में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ किया जा रहा है । सात दिवसीय भागवत कथा ज्ञान यज्ञ की शुरूआत विधि विधान से पूजा अर्चना करने के बाद कलश यात्रा के साथ की गई। श्रीमद् भागवत कथा से पूर्व कलश यात्रा प्राचीन महादेव चोपड़ा मंदिर से शुरू होकर सब्जी मंडी ,जीटी रोड होते हुए गौशाला से होते हुए कथा स्थल बिलोनिया निवास मोहन कॉलोनी पहुची इस दौरान 101महिलाएं और कन्याएं पीला वस्त्र धारण कर सिर पर मंगल कलश उठाए कलश यात्रा में शामिल हुई। कलश यात्रा के साथ शोभायात्रा का भी आयोजन किया गया। शोभायात्रा में बैंड बाजा ,घोड़ी बग्गी एवं धर्मध्वजा युक्त झांकी निकाली गई। बिलोनिया परिवार की ओर से आयोजित हो रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा पंडित योगेश कृष्ण महाराज के द्वारा प्रवचन किया जा रहा है। भागवत कथा वाचक पंडित योगेश कृष्ण महाराज ने बताया कि मान्यता है कि भागवत कथा का आयोजन करने तथा सुनने से अनेक लाभ है। इसे आयोजित कराने तथा सुनने वाले व्यक्तियों-परिवारों के पूर्वजों को शांति और मुक्ति मिलती है। इसे सुनने के क्रम में आध्यात्मिक ज्ञान की प्राप्ति करते हुए आप सांसारिक दुखों से निकल पाते हैं। भागवत कथा ज्ञान सप्ताह यज्ञ में प्रवचन सुनने से श्रद्धालुओं की सभी मनोकामनाओं की पूर्ति होती हैं। श्रीमद् भागवत कथा में दूसरे दिन योगेश कृष्ण महाराज ने अमर कथा सुनाते हुए बताया कि एक बार माता पार्वती ने भगवान शिव से पूछा, कि आप अजर-अमर हैं और मुझे हर जन्म के बाद नए स्वरूप में आकर फिर से वर्षों की कठोर तपस्या के बाद आपको प्राप्त करना होता है और आपके कंठ में पड़ी यह नरमुण्ड माला तथा आपके अमर होने का रहस्य क्या है? शिव ने पार्वती से कहा कि इस मुंड की माला में जितने भी मुंड यानी सिर हैं वह सभी आपके हैं। देवी पार्वती ने भगवान शिव से पूछा, यह भला कैसे संभव है कि सभी मुंड मेरे हैं। इस पर शिव बोले ये सभी मुंड उन पूर्व जन्मों की निशानी है। भगवान शिव ने माता पार्वती से एकांत और गुप्त स्थान पर अमर कथा सुनने को कहा जिससे कि अमर कथा कोई अन्य जीव ना सुन पाए क्योंकि जो कोई भी इस अमर कथा को सुन लेता है वह अमर हो जाता। भगवान भोलेनाथ ने जीवन के गूढ़ रहस्य की अमर कथा माता पार्वती को सुनाना शुरू किया जिसमें उन्होंने जगत का सबसे बड़ा रहस्य, सृष्टि का आदि और अंत सब कुछ बताया। पर कथा सुनते-सुनते माता पार्वती को निंद्रा आ गई और वह सो गईं, इस बात का महादेव को आभास नहीं हुआ, वे अमर होने की कथा सुनाते रहे। लेकिन गुफा में पहले से ही मौजूद दो सफेद कबूतर शिवजी से कथा सुन रहे थे और बीच-बीच में हूँ हूँ कर रहे थे, शिवजी को लग रहा था कि देवी पार्वती कथा सुन रही हैं और बीच-बीच में हुंकार भर रही हैं। कथा समाप्त होने पर शिव का ध्यान पार्वती जी की ओर गया जो सो रही थी। शिव जी ने सोचा कि अगर पार्वती सो रही है तब इस कथा को सुन कौन रहा था। तभी उन्हें दोनों कबूतर दिखाई दिए, शिवजी उनका वध करना चाहते थे क्योंकि उनके अमर हो जाने पर सृष्टि का संतुलन बिगड़ सकता था। इस पर कबूतरों ने विनती की, हे भोलेनाथ जीवन और मृत्यु के दाता तो आप ही हैं। यदि आप हमें मार देंगे तो आपकी अमर कथा का महत्व नहीं रह जाएगा। आपकी कथा असत्य सिद्ध हो जाएगी। इस पर शिव जी ने कबूतरों को प्राणदान दे दिया और उन्हें आशीर्वाद दिया कि तुम सदैव इस स्थान पर शिव पार्वती के प्रतीक चिन्ह के रूप में निवास करोगे। श्रीमद् भागवत भागवत कथा के इस मौके पर काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे ।

## जोधपुर में अनुसूचित जाति की नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक बलात्कार की घटना पर भाजपा पार्षदों ने जताया आक्रोश



सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** भाजपा पार्षद दल ने सभापति नरेश कनोजिया के नेतृत्व में भाजपा पार्षदों ने ब्यावर के विशेषाधिकार को राज्यपाल के नाम पर ज्ञापन सौंप कर आक्रोश जताया सभापति नरेश कनोजिया ने कहा कि मुख्यमंत्री पीड़ित को उचित मुआवजा और भविष्य में नौकरी देकर न्याय करना चाहिए।लिप्त अपराधियों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए ज्ञापन देने वालों में कुलदीप बोहरा, अनिल जीत भोजक, हंसराज शर्मा, सुरेन्द्र सोनी, मोती सिंह सांखला, अनिल चौधरी, निर्मल पंवार, विष्णु हेड़ा, हेमन्त कुमावत, मनोज तंवर, रवि चौहान, सुनीता भाटी, वेदराज भाटी, शंकर यादव, वीरेन्द्र सिंह राठौड़, गोपाल सिंह रावत, मुन्नी देवी गहलोत, रामेश्वर गहलोत, बबलू चौहान, हिमांशु फुलवारी, बीना झवर, पिंटू रावत, कमला दगदी, कमल छत्रावत, आदि उपस्थित रहे।

## हाईवे पर मिला शव:नहीं हुई पहचान, पुलिस ने रखवाया मॉच्युरी में

सितारा न्यूज नेटवर्क

**वी.पी.मीणा /बहरोड़ ।** बहरोड़ में नेशनल हाईवे पर गांव दहमी के पास देर रात को अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। जिसे पुलिस ने पहचान के लिए जिला अस्पताल की मॉच्युरी में रखवा दिया। सदर पुलिस थाने के कार्यवाहक थानाधिकारी जितेन्द्र सिंह ने बताया कि रात करीब 9 बचे सूचना मिली की एक व्यक्ति सड़क के पास पड़ा हुआ है। मौके पर पहुंचकर देखा तो वो मृत था। जिसके शव को एम्बुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल की मॉच्युरी में रखवाया। उन्होंने बताया कि मृतक की देर शाम तक शिनाख्त नहीं हो पाई है। प्रथम दृष्टतया दूसरे राज्य का निवासी लग रहा है, जो मेहनत-मजदूरी करता था। मृतक ने सफेद रंग का फुल बाजू टी-शर्ट और पेंट पहना हुआ है। उसके शव के पास देशी शराब के खाली पव्वे पड़े मिले हैं। जिससे ऐसा लगता है कि शराब का अधिक सेवन करने व डी-हाईड्रेशन के कारण मौत हुई है। हालांकि अभी परिजनों की तलाश की जा रही है। पोस्टमार्टम के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो पाएगा।

## रेप के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**धौलपुर।** सैंपऊ थाना पुलिस ने रेप के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। सैंपऊ कस्बे के बसई नवाब सड़क मार्ग से गिरफ्तार किए गए आरोपी से पुलिस ने पूछताछ शुरू कर दी है। 2 महीने से आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था।

सैंपऊ पुलिस थाने के एएसआई फतेह सिंह ने बताया कि थाना इलाके की एक पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 14 मई को वह बाहर मजदूरी करने गई थी। बेटी घर पर अकेली थी। इसी दौरान सुनील (23) पुत्र पप्पू जाटव निवासी नवलू का नगला थाना इलाका बसेड़ी पीछे से घात लगाकर पहुंच गया और उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर साथ ले गया। उन्होंने बताया 16 मई 2023 को आरोपी के खिलाफ धारा 363, 366 आईपीसी में मामला दर्ज किया गया।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सुविचार

जो व्यक्ति वक्त पर वक्त की कीमत समझ जाता है, वह समाज में लोगों द्वारा सम्मान पाता है !

RNI : RAJHIN13216/2005

दैनिक

# गरीबों का सितारा

।। दशकों पुराना साथ।।

निष्पक्ष कलम — निर्भीक आवाज

"आमजन का अखबार" "जन-जन के विचार"

हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com

हमारा ध्येय : निष्पक्ष, निरंतर, निर्भय

जयपुर, शनिवार 22 जुलाई, 2023

# राजस्थान में मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा बर्खास्त

## विधानसभा में सरकार को महिलाओं की सुरक्षा में फेल बताया

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** राजस्थान के ग्रामीण विकास राज्य मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा को शुक्रवार रात मंत्री पद से बर्खास्त कर दिया गया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की सिफारिश को राज्यपाल कलराज मिश्र ने मंजूर कर लिया। राजेंद्र सिंह गुढ़ा लंबे समय से सीएम गहलोत और सरकार के खिलाफ बयान दे रहे थे। बर्खास्तगी के बाद गुढ़ा बोले- राजस्थान महिला अत्याचार में नंबर वन है और यह कारनामा गहलोत सरकार के कार्यकाल में हुआ है। यह सच है और मुझे सच बोलने की सजा मिली है। गहलोत का मैंने साथ दिया, लेकिन आगे इस आदमी का साथ देने से पहले सौ बार सोचूंगा। गुढ़ा ने शुक्रवार को विधानसभा में न्यूनतम आय गारंटी बिल पर बहस के दौरान अपनी ही सरकार पर महिला सुरक्षा में फेल होने का आरोप लगाया था। मणिपुर में महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाने की घटना के विरोध में कांग्रेस विधायकों ने तख्तियां लहराई थीं। इस पर गुढ़ा ने कहा- राजस्थान में इस बात में सच्चाई है कि हम महिलाओं की सुरक्षा में विफल हो गए हैं। राजस्थान में जिस तरह से महिलाओं पर अत्याचार बढ़े हैं, ऐसे में हमें मणिपुर की बजाय अपने गिरेबां में झांकना चाहिए। गुढ़ा की बर्खास्तगी के बाद अब गहलोत मंत्रिपरिषद में एक मंत्री की जगह खाली हो गई है। अब कैबिनेट में फेरबदल की संभावना जताई जा रही है।



### हाईकमान से सलाह लेकर बर्खास्तगी का फैसला

राजेंद्र गुढ़ा पिछले करीब एक साल से पार्टी लाइन से अलग जाकर कई बार बयान दे चुके थे। ?पार्टी में एक्शन लेने के लिए शुक्रवार को सबसे बड़ा आधार तय हो गया था। गुढ़ा ने मणिपुर मामले की जगह राजस्थान सरकार को अपने गिरेबां में झांकने की सलाह देकर विवाद बढ़ा दिया। गुढा के विधानसभा में दिए बयान को बीजेपी ने आधार बनाकर मणिपुर के काउंटर में पेश करना शुरू कर दिया। सूत्रों के मुताबिक प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने तत्काल दिल्ली रिपोर्ट भेजी, हाईकमान से बात की। साथ ही गहलोत ने भी हाईकमान से सलाह ली, इसके बाद ग्रीन सिग्नल मिलते ही गुढ़ा के विधानसभा में दिए बयान के कुछ ही देर बाद उन्हें बर्खास्त करने की फाइल राजभवन भिजवा दी।

### नेता प्रतिपक्ष राठौड़ बोले थे-मंत्री ने सरकार की कलई खोल दी



मंत्री गुढ़ा के आरोप पर नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहा था- सरकार संविधान के आर्टिकल 164(2) के तहत सामूहिक जिम्मेदारी से चलती है। हमारे संविधान में लिखा है कि सरकार का एक मंत्री बोलता है तो इसका मतलब पूरी सरकार बोल रही है। मंत्री ने सरकार की कलई खोल दी है। मैं उनको बधाई दूंगा, लेकिन यह शर्मनाक बात है।

### गुढ़ा ने 15 जून को पायलट की सभा में कहा था- हमारी सरकार ने भ्रष्टाचार के रिकॉर्ड तोड़े

पेपरलीक के खिलाफ सचिन पायलट की अजमेर से जयपुर यात्रा के समापन के दिन 15 मई को राजेंद्र गुढ़ा ने सरकार पर खुलकर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे। गुढ़ा ने कहा था कि हमारी सरकार भ्रष्टाचार में डूबी है, भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। सरकार का अलाइनमेंट खराब है।

### गुढ़ा अब कांग्रेस छोड़कर नई पारी शुरू कर सकते हैं

गुढ़ा अब तक बीएसपी के टिकट पर उदयपुरवाटी से चुनाव लड़कर जीते हैं। ऐसे में इस बार भी यह तय माना जा रहा है कि वे कांग्रेस से चुनाव नहीं लड़ेंगे। गुढ़ा ने पिछले दिनों जयपुर में ओवैसी से मुलाकात की थी।

### गहलोत के कट्टर समर्थक गुढ़ा डेढ़ साल पहले पायलट खेमे में आए थे

राजेंद्र गुढ़ा सीएम अशोक गहलोत के कट्टर समर्थक थे, लेकिन डेढ़ साल पहले से उनकी ?सीएम से दूरियां बननी शुरू हो गई थीं। गुढ़ा पायलट के नजदीक आए और पिछले सवा साल से वे लगातार पायलट के समर्थन में थे। सरकार और सीएम के खिलाफ उन्होंने जमकर बयानबाजी की थी। गहलोत की पिछली सरकार के वक्त राजेंद्र गुढ़ा ने ही खुद सहित छह बसपा विधायकों का कांग्रेस में विलय कराने में बड़ा रोल निभाया था। साल 2018 में भी गहलोत सरकार बनते ही गुढ़ा सहित सभी छहों बसपा से आने वाले विधायकों ने गहलोत सरकार को समर्थन दिया था। बाद में सितंबर 2019 में सभी 6 विधायकों ने कांग्रेस में विलय कर दिया था।

### राज्य मंत्री बनाए जाने के लंबे समय तक चार्ज नहीं लिया था

विलय के बाद लंबे समय तक बसपा से कांग्रेस में आने वाले छह विधायकों को पद नहीं दिए थे। नाराजगी बढ़ने का यह भी बड़ा कारण था। नवंबर 2021 में राजेंद्र गुढ़ा को राज्य मंत्री बनाया था। राज्य मंत्री बनाए जाने से नाराज थे, इस वजह से उन्होंने लंबे समय तक सचिवालय में चार्ज तक नहीं लिया था। राजेंद्र गुढ़ा गहलोत सरकार के पिछले कार्यकाल में भी राज्य मंत्री थे, इसलिए वे इससे नाराज थे।

### गुढ़ा की बर्खास्तगी के मायने, चुनावी साल में अनुशासन का मैसेज देने की कोशिश

विधानसभा में दिए बयान के कुछ ही घंटों के बाद गुढ़ा की बर्खास्तगी के सियासी मायने निकाले जा रहे हैं। सियासी जानकारों के मुताबिक गुढ़ा की बर्खास्तगी चुनावी साल में अनुशासन का मैसेज देने से जोड़कर देखी जा रही है। लंबे समय से बयानबाजी के कारण कांग्रेस लीडरशिप की कमजोरी का मैसेज जा रहा था। अब मंत्री को बर्खास्त करके बाकी नेताओं को यह मैसेज देने का प्रयास किया है कि अब कार्रवाई हो सकती है। पिछले दिनों कांग्रेस की बैठक में प्रदेश प्रभारी रंधावा ने नेताओं को दो टूक कहा था कि सरकार या नेता के खिलाफ बयानबाजी की तो बड़ा एक्शन होगा।

### राहुल-खड़गे ने दिए थे खिलाफ बयानबाजी वाले नेताओं पर एक्शन के आदेश

पिछले दिनों दिल्ली में राजस्थान कांग्रेस की चुनावी बैठक में राहुल गांधी और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष म ?ल्लिकार्जुन खड़गे ने चुनावी साल में अनुशासन पर जोर देने को कहा था। राहुल-खड़गे ने राजस्थान के नेताओं को आपसी बयानबाजी और सरकार के खिलाफ बयानबाजी को किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं करने को कहा था।

### सहानुभूति कार्ड के रूप में भुनाएंगे गुढ़ा

गुढ़ा मंत्री पद से बर्खास्तगी को अब सियासी शहादत बताकर सहानुभूति कार्ड के रूप में भुनाने का प्रयास करेंगे। गुढ़ा महिला अत्याचार पर दिए बयान को महिलाओं के सम्मान से जोड़कर सियासी रूप से भुना सकते हैं। गुढ़ा बर्खास्तगी को महिला अत्याचारों पर सच बोलने की सजा के तौर पर प्रचारित करेंगे।

### गुढ़ा बोले- सोमवार को विधानसभा में बड़ा खुलासा करूंगा

राजेंद्र गुढ़ा ने कहा- समर्थकों से चर्चा के बाद आगे का फैसला लूंगा। सोमवार को विधानसभा में बड़ा खुलासा करूंगा। सरकार पर जब संकट आया था तो सरकार बचाने में सीएम अशोक गहलोत का खूब साथ दिया था। बसपा से कांग्रेस में आए सभी 6 विधायक संकट के समय चट्टान की तरह सरकार बचाने में अडिग रहे। जो वादे किए गए थे, वे नहीं निभाए गए।

### राजेन्द्र राठौड़ में किया ट्वीट

राजेंद्र राठौड़ ने कहा, "राजस्थान में बहन-बेटियों के ऊपर हो रहे अत्याचारों व रेप की असलियत स्वयं सरकार के मंत्री राजेन्द्र गुढ़ा बता रहे हैं ।संविधान के आर्टिकल 164(2) के अनुसार मंत्रिमंडल सामूहिक उत्तरदायित्व के आधार पर काम करता है और एक मंत्री का बयान पूरे मंत्रिमंडल यानी सरकार का माना जाता है ।मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, हमारी नहीं तो कम से कम अपने मंत्री के बयान पर तो संज्ञान लो ।गृहमंत्री के रूप में लचर कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी तो संभाल लो।

### गुढ़ा ने की थी ओवैसी से मुलाकात

दरअसल, पिछले दिनों जयपुर में ओवैसी से राजेंद सिंह गुढ़ा की मुलाकात हुई थी ।उस मुलाकात के बात यह माना जा रहा था कि कुछ दिन में ही गुढ़ा से जुड़ी कुछ सियासी अपडेट आएगी ।मसलन, गुढ़ा अशोक गहलोत सरकार में रहकर ही सरकार पर हमला बोलने की पूरी तैयारी में थे ।इसके असर आने वाले दिनों में और भी देखे जा सकते हैं।

## वसुंधरा राजे बोलीं- प्रदेश में महिला अत्याचार चरम पर

### महिला होने के नाते आहत हूं, सीएम में शर्म होती तो इस्तीफा दे देते



सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर आज जमकर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में महिला अत्याचार चरम पर है। महिला होने के नाते मैं आहत हूं। ऐसी सरकार को कुर्सी पर बैठने का कोई भी अधिकार नहीं हैं। राजे ने कहा, मैं तो समझती हूं, इनमें शर्म होती तो रिजाइन कर जाते ।वसुंधरा राजे ने कहा आज प्रदेश में महिला, बच्चियों, दलित, व्यापारियों के साथ घटनाएं घट रही हैं। सीएम अशोक गहलोत के घर से 5 किलोमीटर दूर वैशाली नगर में एक महिला का उसके 10 साल के बेटे के सामने दुष्कर्म किया जाता है। वहीं बाद में जला दिया जाता है। उन्होंने कहा जिस प्रदेश में महिलाओं की इज्जत सिर आंखों पर रखी जाती थी आज उस प्रदेश में महिलाओं की इज्जत तार-तार हो रही है। महिलाओं के खिलाफ सबसे ज्यादा आपराधिक घटनाएं राजस्थान में हो रही हैं।

### देश का 22 प्रतिशत दुष्कर्म राजस्थान में

वसुंधरा राजे ने कहा कि देश का 22 प्रतिशत दुष्कर्म राजस्थान में हो रहा है। यह हमारे लिए शर्म की बात है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार राजस्थान में प्रतिदिन 18 से 19 रेप की घटनाएं, 5 हत्याएं हो रही हैं। सीएम के गृह नगर में रेप हो रहे है लेकिन सरकार चुप है। राजे ने प्रदेश में हुई महिला दुष्कर्म की कई घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा, यह तो मैंने कुछ घटनाएं बताई हैं। प्रदेश में महिला अत्याचार व महिला दुष्कर्म की करीब 2 लाख से ज्यादा घटनाएं हुई हैं।

### हिन्दू शरणार्थियों पर बुलडोजर, रोहिंग्या को राशन कार्ड

राजे ने कहा, इस सरकार ने प्रदेश में पाकिस्तान से आए हिन्दू शरणार्थियों के घरों पर बुलडोजर चलाने का काम किया है। वहीं दूसरी ओर यह रोहिंग्या को बसाने के लिए राशन कार्ड जारी करते हैं। राजे ने कहा कि साल 2022 में प्रदेश में दलितों पर करीब 8 हजार से ज्यादा मामले दर्ज हुए हैं।

## कुशवाहा समाज में स्वर्णिम युग का आगाज...

# अवाना से मिली गेंद को गहलोत ने 'गोल पोस्ट' में पहुंचाया

## लव-कुश बोर्ड की स्थापना से कुशवाहा, शाक्य, काछी समाज के विकास के रास्ते खुले

### नदबई में कुशवाहा समाज के लोगों में अवाना की बल्ले-बल्ले

सितारा न्यूज नेटवर्क

**राजनीतिक संवाददाता**

**जयपुर/नदबई।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एक बार फिर से राजनीति के मैदान में अपने साथी खिलाड़ी जोगिंदर सिंह अवाना से मिली गेंद को गोलपोस्ट में पहुंचा कर प्रदेश के कुशवाहा शाक्य और काछी समाज के लोगों विकास और कल्याण का रास्ता काफी आसान बना दिया है, जी हां, इन तीनों जातियों तरक्की के लिए गुरुवार को राजस्थान विधानसभा में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने लव कुश बोर्ड की स्थापना का ऐलान करके इन तीनों समाजों के स्वर्णिम युग के आगाज आखिरकार कर ही दिया, गहलोत की इस घोषणा से तो भरतपुर जिले नदबई विधानसभा सीट में रहने वाले कुशवाहा समाज के हजारों लोगों के चेहरे खिल उठे हैं, यह लोग अब गहलोत के साथ-साथ स्थानीय विधायक जोगिंदर सिंह अवाना तारीफ करते भी नहीं थक रहे, पूछने पर इन लोगों ने बताया कि विगत दिसंबर माह में अवाना ने उज्जैन में गहलोत की एक बड़ी जनसभा करवाई थी उसमें अवाना ने अपने निर्वाचन क्षेत्र में बड़ी संख्या में रहने वाले कुशवाहा समाज के लोगों का हवाला देकर गहलोत से लव- कुश बोर्ड की स्थापना की पुरजोर मांग की थी, उस सभा में अवाना ने कहा था कि उनके निर्वाचन क्षेत्र में कुशवाहा समाज के लोग विकास की दृष्टि से अन्य समाजों की तुलना में काफी पिछड़े हुए हैं इसलिए जिस तरह से अन्य समाजों के लिए अलग-अलग बोर्ड की स्थापना करके उनके विकास के रास्ते सुगम बनाए गए ठीक उसी तरह से कुशवाहा समाज के लोगों के विकास के लिए लव-कुश बोर्ड की स्थापना करना समय की मांग है, उस सभा में अवाना ने दमदार तरीके से अपने क्षेत्र के कुशवाहा समाज के लोगों इस पीड़ा को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा, उस समय सभा में एक तरफ अवाना अपना भाषण प्रस्तुत कर रहे थे तो दूसरी तरफ सभा में मौजूद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत उनके भाषण के हर शब्द को गंभीरता से सुनते रहे, अवाना ने अपने भाषण में जैसे ही लव-कुश बोर्ड की स्थापना के संदर्भ में बोला वैसे ही उस समय गहलोत के हावभाव और उनके चेहरे की हल्की सी मुस्कुराहट से उसी समय ऐसा महसूस हो गया था कि गहलोत अवाना की इस मांग को भी पूरा करने के लिए गंभीर दिख रहे हैं, इस सभा के बाद भी अवाना ने मुख्यमंत्री से कुछ मौकों पर मुलाकात कर कुशवाहा समाज की ओर से उन्हें दिए गए ज्ञापन की प्रति अपने हाथों से गहलोत के हाथों में दी और उनसे हर हाल में लव कुश बोर्ड की स्थापना की रिक्वेस्ट की, उन्होंने विगत 17 जुलाई को भी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को लव कुश बोर्ड की स्थापना करने की मांग के संदर्भ में पत्र लिखा, जिस तरह से हॉकी के मैदान में एक टीम के खिलाड़ी एक दूसरे को छोटे-छोटे पास के माध्यम से गेंद पहुंचाते हुए गोल पोस्ट तक पहुंचते हैं और फिर वहां पर पहले से ही मौजूद अपनी टीम के विशेषज्ञ खिलाड़ी को गेंद पास करते हैं फिर उस गेंद को वह विशेषज्ञ खिलाड़ी गोलपोस्ट में पहुंचा देता है ठीक उसी तरह से अवाना ने कड़ी मेहनत और निरंतर प्रयास करके कुशवाहा समाज डिमांड को मुख्यमंत्री गहलोत तक पहुंचाया और गहलोत ने भी अपने साथी खिलाड़ी अवाना की मेहनत को बेकार करना बिल्कुल भी मुनासिब नहीं समझा और उन्होंने शुक्रवार को राजस्थान






### आखिर अवाना की हर डिमांड को गहलोत इतना तवज्जो देते हैं क्यों.. ?

शुक्रवार को गहलोत की ओर से राजस्थान विधानसभा में लव-कुश बोर्ड की स्थापना के पास शासन सचिवालय के गलियारों और राजस्थान विधानसभा के गलियारों में यह चर्चा भी सुनने को मिली कि आखिर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत नदबई विधायक जोगिंदर सिंह अवाना की हर डिमांड को पूरा करने में इतनी दिलचस्पी क्यों दिखाते हैं, विधायकों में भी इस तरह की चर्चाएं सुनने को मिली कि विगत 4 साल में गहलोत ने नदबई विधानसभा क्षेत्र में अवाना की ओर से प्रस्तुत की गई हर मांग और डिमांड को पूरा किया, विधानसभा के गलियारों में यह चर्चा भी सुनने को मिली की पूरे भरतपुर संभाग में नदबई इलाके में ही राजस्थान सरकार की ओर से इतने ताबड़तोड़ विकास काम क्यों करवाए गए, चर्चा यह भी सुनने को मिली की राजस्थान सरकार के अस्तित्व के संकट के समय जोगिंदर सिंह अवाना ने बसपा से कांग्रेस पार्टी में आए सभी विधायकों को गहलोत के साथ जोड़े रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जिसका कर्ज अशोक गहलोत अब नदबई विधानसभा क्षेत्र में बड़े-बड़े विकास काम संपादित करवा के चुका रहे हैं।

### पूरे भरतपुर संभाग में कुशवाहा, शाक्य, काशी और बागवान समाज के लोगों की है भरमार, इन सभी समाजों का अब सरकार के प्रति भरोसा हुआ और मजबूत

जानकारों का कहना है कि पूरे भरतपुर संभाग में ही कुशवाहा शाक्य काछी और बागवान समाज के लोग बड़ी संख्या में रहते हैं धौलपुर, करौली, सवाई माधोपुर, भरतपुर जिलों में तो बड़ी संख्या में इन तीनों ही समाज के लोग रहते ही हैं इसके अलावा प्रदेश के कई अन्य जिलों में भी इन तीनों ही समाज के लोग बिखरे बिखरे अवस्था में कहीं ना कहीं जरूर अपनी उपस्थिति दर्ज करवा रहे हैं, विकास की दृष्टि से भी यह तीनों ही जातियां अन्य समाजों की तुलना में काफी पीछे है इसलिए लव कुश बोर्ड की स्थापना होने से निश्चित रूप से इन जातियों के विकास और कल्याण के लिए अलग से बजट पारित होगा जो इन तीनों जातियों के विकास और कल्याण पर खर्च किया जाएगा, जिस तरह से ब्राह्मण, गुर्जर, राजपूत समाज के लोगों के लिए भी प्रदेश की वर्तमान गहलोत सरकार ने अलग-अलग बोर्ड की स्थापना की इसलिए कुशवाहा काछी और शाक्य समाज के लोग जो विकास की दृष्टि से काफी पीछे हैं इन समाजों के लोगों की आर्थिक स्थिति भी ज्यादा ठीक नहीं है इसके अलावा इन समाजों में अभी शिक्षा का स्तर भी ऊंचा नहीं हुआ है इन समाजों में बालिका शिक्षा का स्तर भी अन्य समाजों की तरह उन्नत नहीं हुआ है अब जिस तरह से लव-कुश बोर्ड की स्थापना की गई है उससे निश्चित रूप से इन तीनों ही जातियों के विकास और कल्याण के रास्ते काफी आसान हुए हैं।


गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## चिंतन

# पहली बार एफडीआई में गिरावट चिंता की बात

सरकार ने संसद में स्वीकार किया कि प्रत्यक्ष विदेश निवेश (एफडीआई) में कमी आई है। मानसून सत्र के दूसरे दिन भी दोनों सदन बेशक मणिपुर घटना पर हंगामे की भेंट चढ़ गए, लेकिन स्थगित होने से पहले राज्यसभा में एक लिखित प्रश्न के उत्तर में सरकार ने शुक्रवार को माना कि वैश्विक मंदी का खतरा, रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण उत्पन्न आर्थिक संकट और सिंगापुर, अमेरिका एवं ब्रिटेन जैसे देशों की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर में गिरावट, ऐसे कुछ कारण हैं जिसकी वजह से वित्तवर्ष 2022-23 में भारत में एफडीआई में गिरावट आई। कंप्यूटर हार्डवेयर व सॉफ्टवेयर तथा ऑटोमोबाइल उद्योग में कम निवेश प्रवाह के कारण भारत में एफडीआई वित्त वर्ष 2022-23 में 22 प्रतिशत घटकर 46 अरब डॉलर रह गया। कुल एफडीआई, जिसमें इक्विटी प्रवाह, पुनर्निवेशित आय और अन्य पूंजी शामिल है, पिछले वित्त वर्ष में 16 प्रतिशत घटकर 70.97 अरब डॉलर रह गई, जबकि वित्त वर्ष 2021-22 में यह एफडीआई 84.83 अरब डॉलर थी। माना जा रहा है कि महामारी के बाद, विभिन्न देशों ने अन्य देशों पर निर्भरता कम करने और अपने घरेलू उद्योगों की रक्षा के लिए विभिन्न संरक्षणवादी उपाय अपनाए हैं। यह भी निवेशकों की भावनाओं को प्रभावित करने का एक संभावित कारण हो सकता है। वर्ष 2022 में सिंगापुर, अमेरिका और ब्रिटेन की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर में कमी आई है, जो एफडीआई के प्रमुख स्रोत देश हैं। 10 साल में पहली बार वित्त वर्ष 2022-23 में देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के मोर्चे पर झटका लगा है। रिजर्व बैंक की मासिक बुलेटिन स्टेट ऑफ दि इकोनॉमी के मुताबिक, एफडीआई में ये एक दशक की पहली और बड़ी गिरावट है और इसके साथ ही नेट एफडीआई में भी कमी देखने को मिली है। कई द्विपक्षीय व बहुपक्षीय ग्लोबल ट्रेड एग्रीमेंट के बावजूद एफडीआई में इतनी बड़ी गिरावट चिंता की बात इसलिए है कि एक तो भारत सबसे आकर्षक निवेश स्थल है, दूसरी, सरकार ने अनेक सुविधाएं दे रखी हैं, तीसरी, महामारी के प्रभाव के बावजूद, 2019-20 और 2021-22 के बीच सकल एफडीआई प्रवाह में वृद्धि हुई थी। अब भारतीय अर्थव्यवस्था कोरोना महामारी के प्रभाव से मुक्त है। विनिर्माण, कंप्यूटर और संचार सेवाओं में एफडीआई में कमी आई हैं। इसका कारण है कि अमेरिका, स्विट्जरलैंड और मॉरीशस से भारत में निवेश कम हुआ है। मूडीज की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में ब्यूरोक्रेसी की लेटलतीफ रवैया का खामियाजा एफडीआई पर देखने को मिलता है, इसलिए जरूरी है कि सरकार इन कमियों को दूर करें। हालांकि विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों का भारतीय पूंजी बाजार पर भरोसा बना हुआ है। 1991 में अर्थव्यवस्था के खुलने के बाद से भारत में निवेश के माहौल में काफी सुधार हुआ है। इसके पीछे उदारीकृत निवेश मानदंड, नियामक बाधाओं का उन्मूलन, श्रम की कम लागत, बाजार का विविधीकरण, कर सुधार, एफडीआई कैप में बढ़ोतरी जैसे कारक हैं। भारत आज कारोबार सुगमता के मामले में शीर्ष 100 क्लबों में शामिल है। अप्रैल 2000 से मार्च 2023 के दौरान पिछले 23 वर्षों में देश में कुल एफडीआई प्रवाह 919 अरब डॉलर है, जबकि पिछले 9 वर्षों (अप्रैल 2014-मार्च 2023) में प्राप्त कुल एफडीआई प्रवाह 595.25 अरब डॉलर था जो लगभग 65 फीसदी है। यूं तो भारतीय अर्थव्यवस्था की रफ्तार बनाए रखने के लिए घरेलू उपभोक्ता बाजार काफी है, लेकिन इसके बावजूद भारत को एफडीआई बढ़ाने के लिए सार्थक प्रयास करना चाहिए।

# वसीयत, मुख्तारनामा या फतवा



जिरहनामा
कनक तिवारी

> मनुष्यमापक यंत्र में निहित सूत्र की उल्था करते संविधान के तकनीकी सूत्रधार अम्बेडकर ने साफ कहा था कि उनकी पीढ़ी पत्थर पर लिखकर कोई इबारत पेश नहीं कर रही है। हम तो भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक इच्छापत्र रचने जा रहे हैं। संतान पीढ़ियां अगर चाहें तो हमारी वसीयत के अनुसार आचरण करें। अगर उन्हें लगे कि वक्त की जरूरतों के मुताबिक कुछ नया करना है तो वैसा भी कर सकती हैं। हिदायत यही है कि वे अपना बुनियादी रास्ता छोड़ न दें और यह भी कि पुरखों के पूरे पिछले करम और कौल पर स्याही न फिरा दें।

बीसवीं सदी के मध्य तक संघर्षरत रही पिछली पीढ़ी के हमारे पुरखे बहुत आलिमफाज़लि, दिलचस्प, बहुरंगी और बहुआयामी बौद्धिक भी हुए हैं। अगर उन्होंने दूरदर्शी जतन नहीं किया होता तो हमारी भी मौजूदा हालत पाकिस्तान जैसी हो सकती थी या कभी अफगानिस्तान जैसी। दुनिया की सबसे बड़ी भारतीय आबादी को खूंरेजी, हिंसा और बर्बादी से बचाने उन्होंने एक तरह के जादुई बीजक यंत्र का ईजाद किया। भारत के चिन्तामुक्त भविष्य के लिए उसके चारों ओर सरहदें खींच दीं लेकिन आकाश तक उड़ने के हौसले की हर भारतीय में गुजाइश गूंथ दी। मौजूदा पीढ़ी आज अपने पुरखों के बताए रास्ते पर चले न चले, लेकिन उनका ऐलान बीच बीच में काबिल संतान बनाए रखने को हमें झकझोरता रहता है। अब 140 करोड हो गए इंसानी जमावड़े के देश को हर तरह की बरबादी से बचाते उसे तरक्कीपसंद बनाने भविष्यमूलक जतन तो उन्होंने किए ही। उन्होंने कई चेतावनियां बिखेरीं, हिदायतें दीं और समझाइश भी। खतरों से भी आगाह किया। रास्ते सुझाए और मुश्किलों से बच निकलने की जुगतें भी बताईं। पूर्वजों ने अपने उर्वर सोच से भविष्य की पीढ़ियों को ऐसा कुछ रचते रहने का नुस्खा भी दिया जिस पर अमल करने से भारत दुनिया की जमात में अपना अनोखा किरदार अदा करता रहे। वह कर भी रहा है। उन्होंने यह तो नहीं कहा कि भारत को विश्व गुरु बनने का गुमान पाल लेना चाहिए। यह तो शिलालेख की तरह सदियों पुराने पुरखों के करम के कारण दुनिया के इतिहास में लिखा ही है कि अपनी विचारशीलता के कारण भारत कभी विश्व गुरु तो था ही।

मनुष्यमापक यंत्र में निहित सूत्र की उल्था करते संविधान के तकनीकी सूत्रधार अम्बेडकर ने साफ कहा था कि उनकी पीढ़ी पत्थर पर लिखकर कोई इबारत पेश नहीं कर रही है। हम तो भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक इच्छापत्र रचने जा रहे हैं। संतान पीढ़ियां अगर चाहें तो हमारी वसीयत के अनुसार आचरण करें। अगर उन्हें लगे कि वक्त की ज़रूरतों के मुताबिक कुछ नया करना है तो वह वैसा भी कर सकती हैं। हिदायत यही है कि वे अपना बुनियादी रास्ता छोड़ न दें और यह भी कि पुरखों के पूरे पिछले करम और कौल पर स्याही न फिरा दें।

उन्होंने कहा हम मानते हैं कि हमने नया हिदायतशास्त्र पश्चिम की राजनीतिक, दार्शनिक अवधारधारणाओं से सीख पढ़कर लिखा है। भारत की पुरानी परंपराओं में नई परिस्थितियों की समझ की वैश्विकता के अनुसार ऐसी उर्वरता नहीं दिखी कि हम पुराने भारत का बीसवीं शताब्दी में नवीनीकरण करें। उन्होंने अपनी विनम्रता में यह भी माना कि वे खुद को कालजयी विचारक नहीं समझते। इसलिए जैसा बना वैसा संविधान देश को दे रहे हैं। असाधारण विधिवेत्ता होने के बावजूद साफगोई में बोली गई उनकी यह आत्मा की आवाज अब तक टार्च की रोशनी की तरह जगमग है। अन्यथा भारत को शायद अंधेरे में रेंगना पड़ता। कहा है हमारे पुरखों ने कि जरूरत पड़ने पर वंशज संसद प्रदेशों की सीमाओं में घट बढ़ कर सकती है। यह अलबत्ता नहीं कहा कि कश्मीर जैसे महान




और अलग खसूसियत के राज्य को कांट छांटकर केन्द्र शासित प्रदेश बना दे। उसे जम्हूरियत को कमजोर करने का कदम बताते कई लोग आलोचक बनने लगें। बुजुर्गों ने जनता को दुनिया में सबसे उदार और सम्मानजनक नागरिक आज़ादी दी। यह नहीं कहा कि बाद की वंशज पीढ़ियां नागरिकों की स्वायत्तता छीनने के लिए तमाम तरह के प्रतिबंधात्मक कानूनों का जिरहबख्तर बना दें। नहीं कहा कि भारत की आज़ादी के लिए युद्ध करने वाले नागरिकों की मनुष्य होने की गरिमा को एक थानेदार के विवेक की नोक सलीब बनाकर बींध दिया जाए। उनकी प्रतिबंधात्मक गिरफ्तारी को लेकर सुप्रीम कोर्ट हताशा में यही कहने लगे कि फिलवक्त हम कुछ नहीं कर सकते। पूरा मुकदमा झेलो। बरसों अदालत में एड़ियां रगड़ो। सारी जमा पूंजी मुकदमेबाजी में बर्बाद करो। फिर तुम्हें शायद अहसास हो सकता है कि न्याय मिल गया है। विश्व कवि रवीन्द्रनाथ टैगोर और अन्य बौद्धिकों से प्रभावित लोग भारत की धरती को शस्यश्यामला कहते अघाते नहीं थे। उत्तराधिकारी निजाम कहने लगा ऐसी भूमियों को किसानों से हड़प लो। उन्हें बंजर बना दो। कारखानेदारों के लिए छीन झपट लो या निठल्ले साधुओं के रेवड़ की धींगामस्ती के लिए छोड़ दो। देश में अनाज का उत्पादन गिराओ। सरकार से कहो विदेशों से आयात करो। किसानों से झूठ बोलो। रो धोकर उनके लिए स्वामीनाथन आयोग बनाओ। फिर उसकी भी सिखावन मत लागू करो। लाखों किसान साल भर हिम्मत के साथ आंदोलन करें। उसको भी सरकारी जुगत लगाकर मटियामेट करो। तब पूर्वजों ने अपने यह अनुयायियों से नहीं कहा था कि देश के 80 करोड़ लोगों को मुफ्त में पांच किलो हर माह सरकारी राशन दो और उसे वोट बैंक का आधार बनाओ ताकि गरीबी जरूर कायम रहे। सरकार बरकरार रहे। देश भले ही घिसटता रहे।

बुजुर्गों को उम्मीद थी कि भावी पीढ़ियां ईमानदार, पारदर्शी और निष्पक्ष चुनाव कराएंगी। उन्होंने कई तरह के आयोग चुनाव आयोग, मानव अधिकार आयोग, लोक सेवा आयोग वगैरह बनाए। कब्जेदार सरकार ने उन्हें जनता का सेवक बनाने के बदले हाकिम हुक्काम बना दिया। ऐसा तो पुरखों ने नहीं कहा था। उन्होंने अलबत्ता लिखा था कि यह देश किसी एक धर्म, कौम या जाति का नहीं है। इसलिए उन्होंने देश के संविधान के मकसद में लिख दिया था कि पंथनिरपेक्षता उसकी उद्देषिका है। भला हो सुप्रीम कोर्ट का। उसने अपने आज तक के सबसे बड़े मुकदमें में 13 जजों की ओर से फैसला किया कि पंथनिरपेक्षता संविधान का मकसद है। उसे कोई सरकार हनक, सनक या तुनक में बदल नहीं सकती। सरकार का हर फैसला बड़ी अदालतों द्वारा अधिकारपूर्वक जांचा जाएगा। वरना 1975 में लगे आपातकाल से लेकर आज तक ऐसी केन्द्र सरकारें आती रही हैं कि वे अगर चाहतीं तो नागरिक आजादी की मुश्कें बांध देतीं और कातर लाचार संविधान कुछ नहीं कर पाता। अब संविधान संशोधन के जरिए भी पंथनिरपेक्षता, न्यायिक पुनरीक्षण वगैरह कई नागरिक अधिकारों को नेस्तनाबूद नहीं किया जा सकता। भारत का पवित्र संविधान आजादी के योद्धाओं की पीढ़ी का लिखा वसीयतनामा भी है। संविधान की कई आयतें ऐसी हैं जिनमें परिवर्तन करने के लिए संतान-संसद या संतान-सरकार को मुख्तारनामा दिया गया है। ऐसा मुख्तारनामा केवल जनविश्वास का हलफनामा बनाकर ही इस्तेमाल किया जा सकता है अन्यथा नहीं। संविधान की भाषा में उसके निर्माताओं ने हिदायतें, नसीहतें और मशविरा दिया है। वह फतवागिरी नहीं है। वह उसी तरह है जैसे एक छोटे बच्चे को उसके माता पिता प्यार की थपकी देकर भी हल्की सी डांट डपट के साथ उसके रास्ते के कांटे बुहारते रहते हैं। आज की पीढ़ी के हमारे नेता इस महान ग्रंथ के शास्त्रीय संदेश को सत्तामूलक भाषा में परोसते हैं जबकि वह एक तरह से एक स्थितप्रज्ञ कालजयी आह्वान है।

## सारा संसार



यह पहाड़ी मंदिर कोयंबटूर शहर से लगभग 40 किमी दूर स्थित है। मंदिर भगवान शिव को समर्पित किया गया है और वेल्लियांगिरी पहाड़ी पर विराजमान है जिसकी शाही ऊंचाई 6000 फीट है। ऐसा माना जाता है कि देवी उमादेवी के अनुरोध पर शिव ने यहां ब्रह्मांडीय नृत्य किया था।


# जीवन का मात्र अनुभव करें



संकलित
दर्शन

सद्गुरु (ईशा फाउंडेशन)। अकसर हम यह सोचते हैं कि जिसने जीवन में अधिक कठिनाइयों का सामना किया है, वह जल्दी समझदार बन जाता है। कितना सही है यह सोच। वस्तुतः जीवन में कठिन कुछ नहीं होता है। जीवन में सिर्फ परिस्थितियां होती हैं। फिर चाहे आप उसका अनुभव एक कठिनाई के रूप में करें या आनंद के रूप में। यह चुनने का अधिकार आपका अपना है। अगर आप समझदार हैं तो आप हर परिस्थिति को एक आनंदमय प्रक्रिया में बदल देंगे। अगर आप समझदार नहीं हैं, तो आप अपने लिए हर परिस्थिति को कठिनाई बना लेंगे। अगर आप जानते हैं कि अपने दिमाग में चल रही बेतुकी बातों को कैसे महत्व ना दें, अगर आप अपने दिमाग में चल रहे मनोवैज्ञानिक बकवास में उलझे नहीं, तो आप निश्चित रूप से जल्दी समझदार बन जाएंगे।जीवन सिर्फ परिस्थिति है। 'दुखद' परिस्थिति या 'सुखद' परिस्थिति जैसी कोई चीज नहीं होती। अगर आप आसान परिस्थिति चाहते हैं, तो यह बहुत आसान है। हम आपको एक पिंजरे में बंद कर सकते हैं और जितना आप खा सकते हैं, उससे अधिक भोजन आपको दे सकते हैं। आप बस पिंजरे में रहिए। हम इसका खयाल रखेंगे कि आप सभी चीजों से पूरी तरह सुरक्षित हों। कोई खतरा नहीं, कोई मुश्किल नहीं। आपको परिवार, बीवी-बच्चों का खयाल नहीं रखना है, रोजी-रोटी नहीं कमानी, कुछ नहीं करना है। कोई भी परेशानी नहीं।

# कपड़े की उपयोगिता दिखावे के लिए नहीं



संकलित
प्रेरणा

संत कबीर रोज अपने शिष्यों को और अन्य लोगों को उपदेश दिया करते थे। कबीर जी के उपदेश सुनने एक धनी व्यक्ति भी आता था। धनी व्यक्ति कबीर दास जी से बहुत प्रभावित था। एक दिन उस धनी व्यक्ति ने देखा कि कबीर दास जी जो कुर्ता पहनते हैं, वह बहुत पुराना हो गया और कुर्ता बहुत ही सामान्य कपड़े से बना था। अगले दिन धनी व्यक्ति एक मूल्यवान कुर्ता लेकर पहुंचा और कबीर दास को उपहार में दे दिया। कुर्ता मखमल से बना था। बाहर की ओर से कुर्ता मखमली था और अंदर की ओर उसमें सामान्य कपड़ा लगा था। धनी व्यक्ति ने सोचा था कि अब कबीर दास जी उसका दिया हुआ कुर्ता पहनेंगे। अगले दिन जब वह व्यक्ति फिर से कबीर दास जी के पास पहुंचा तो उसने देखा कि कबीर जी ने उल्टा कुर्ता पहना है। दरअसल, कबीर दास जी के कुर्ते का मलमल वाला हिस्सा अंदर की ओर था और बाहर सामान्य कपड़ा दिख रहा था। उस धनी व्यक्ति ने कबीर जी से पूछा कि ये आपने क्या किया? आपने तो कुर्ता उल्टा पहना है? सभी लोगों ने भी कबीर दास जी से पूछा कि कुर्ता मूल्यवान है तो आपने इसे उल्टा क्यों पहना है? कबीर जी ने कहा कि ये कुर्ता देखकर मैंने सोचा कि मखमल शरीर को स्पर्श होगा तो शरीर को ज्यादा बेहतर लगेगा, क्योंकि ये कपड़ा तो शरीर के लिए ही हैं। दिखाने के लिए तो साधारण हिस्सा ही काफी है। दूसरों को हमारे कपड़ों से क्या लेना-देना?

## पहलवानों का चयन

डॉ. मोनिका शर्मा



# ट्रायल की मांग उचित

एशियाई खेलों में भागीदारी के लिए पहलवान बजरंग पुनिया और विनेश फोगट को ट्रायल में मिली छूट का विवाद न्यायालय तक जा पहुंचा है। ध्यातव्य है कि फोगट और पुनिया को भारतीय ओलंपिक संघ की तदर्थ समिति द्वारा एशियाई खेलों के लिए सीधे प्रवेश दिया गया है। ऐसे में अंडर-20 विश्व चैंपियन अंतिम पंघाल और अंडर-23 एशियाई चैंपियन सुजीत कलकल द्वारा दिल्ली उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर न केवल इन दोनों खिलाड़ियों के ट्रायल की मांग गई थी बल्कि यों सीधे ही चयन किए जाने को गलत भी बताया था। पहलवान खिलाड़ियों की इस याचिका पर सुनवाई करते हुए दिल्ली उच्च न्यायालय ने भारतीय कुश्ती संघ से त्वरित जवाब मांगते हुए ट्रायल से छूट दिए जाने का आधार पूछा है। दरअसल, बजरंग पुनिया और विनेश फोगट दोनों ही पहलवानों को ट्रायल के बिना ही टीम में चुन लिए जाने को लेकर बाकी पहलवान शुरू से ही अपना आक्रोश जता रहे हैं। उनका कहना है कि इन दोनों के अलावा अन्य सभी पहलवानों का चयन ट्रायल के माध्यम से ही होता है। भारतीय टीम में स्थान प्राप्त करने के लिए उन्हें ट्रायल की प्रक्रिया से गुजरना ही पड़ता है। विशेष परिस्थितियों में ही चयन समिति द्वारा मुख्य कोच या विदेशी विशेषज्ञ की अनुशंसा के आधार पर ओलंपिक या विश्व चैंपियनशिप में विजेता रहे प्रतिष्ठित खिलाड़ियों का सीधे चयन किया जा सकता है। इस मामले में दाखिल याचिका के मुताबिक दोनों पहलवानों का चयन इस छूट नीति के अनुरूप भी नहीं था। उनका चुनाव किसी विदेशी विशेषज्ञ और मुख्य कोच की अनुशंसा के बिना ही किया गया है। यही वजह है कि याचिका में बजरंग और विनेश को भारतीय टीम में सीधे प्रवेश दिए जाने को लेकर कई तार्किक प्रश्न को उठाए गए हैं। साथ ही किसी भी पहलवान को कोई छूट दिए बिना निष्पक्ष तरीके से ट्रायल आयोजित करने की बात भी कही गई है। ज्ञात हो कि न्यायमूर्ति प्रसाद ने भी पूछा है कि कुश्ती संघ से फोगट और पुनिया को चुनने का आधार क्या है, सिवाय इस तथ्य के कि वे अच्छे खिलाड़ी हैं। ऐसे प्रश्न न केवल निष्पक्ष चयन बल्कि समय विशेष पर खिलाड़ियों द्वारा अपनी भागीदारी के लिए की गई तैयारी की परख के लिए जरूरी भी हैं। विचारणीय है कि निष्पक्ष चयन खिलाड़ियों के मनोबल को बनाए रखने से भी जुड़ा है। साथ ही किसी भी वैश्विक स्तर की प्रतियोगिता में उतरने से पहले खिलाड़ियों की नियमित अभ्यास में जुटे रहने की इच्छा शक्ति को भी बल देता है। इतना ही नहीं खेल कोई भी हो, खिलाड़ी किसी प्रतियोगिता में अपने देश का मान बढ़ाने के लिए ही उतरता है। निस्संदेह इसके लिए पूरी तैयारी भी जरूरी है। उनके अभ्यास और तैयारी को परखने के लिए ही ट्रायल आयोजित किए जाते।रेसलिंग की वर्ल्ड चैंपियनशिप और एशियाई खेलों के तीन महीने पहले तक पहलवान अपनी मांगों को लेकर धरने पर थे। इसके चलते पहलवानों को काफी समय तक अभ्यास से दूर रहना पड़ा, जबकि ऐसी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए गहन तैयारी के साथ ही अच्छी नींद और आराम का संतुलन भी जरूरी होता है। यही वजह है कि दूसरे पहलवान खिलाड़ियों ने बजरंग पुनिया और विनेश फोगट को सीधे टीम में शामिल किए जाने का विरोध जताते हुए उनका भी ट्रायल लिए जाने की मांग की है।

## अंतर्मन




### आज की पाती


**इनसान को कहां तक झेल पाएगी प्रकृति?**

भारत के कई क्षेत्रों में बाढ़ आ रही है तो उधर एशिया से लेकर अमरीका तक हीटवेव चल रही है। साल दर साल विश्व के तापमान में निरंतर वृद्धि हो रही है। इसके लिए प्रकृति के साथ-साथ इनसान भी बराबरी का दोषी है। जब एक वर्ष में पृथ्वी के समझदार निवासी 40 अरब टन कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन करेंगे तो प्रकृति उसे कहां तक झेल पाएगी? सभी देश पर्यावरण सुधार के लिए कार्बन उत्सर्जन घटाने और अन्य कई प्रयास करने के लिए वचन देते हैं और हालत यह है कि इसके लिए जमीनी धरातल पर कुछ भी नहीं कर रहे हैं!

- रविंद्र जोशी, बिलासपुर

## करंट अफेयर

# इंडोनेशिया में कुत्ते, बिल्ली के मांस की बिक्री बंद



इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप के प्राधिकारियों ने क्षेत्र के एक कुख्यात पशु बाजार में कुत्ते-बिल्ली के वध और उनके मांस की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने की शुक्रवार को घोषणा की। प्राधिकारियों ने स्थानीय कार्यकर्ताओं और वैश्विक हस्तियों द्वारा क्षेत्र में कुत्ते-बिल्ली के मांस की बिक्री पर रोक लगाने के लिए वर्षों से चलाए जा रहे अभियान के बीच यह कदम उठाया। पशु क्रूरता के खिलाफ आवाज उठाने वाले संगठन ह्यूमेन सोसायटी इंटरनेशनल (एचएसआई) ने कहा कि टोमोहोन एक्सट्रीम मार्केट कुत्ते-बिल्ली के वध और उनके मांस की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने वाला इंडोनेशिया का पहला ऐसा पशु बाजार होगा। इस बाजार में कुत्तों और बिल्लियों को जीवित रहते हुए पीटने और जलाने की तस्वीरों ने व्यापक स्तर पर आक्रोश फैला दिया था। टोमोहोन शहर की मेयर कैरल सेंदुक ने टोमोहोन एक्सट्रीम मार्केट में कुत्ते-बिल्ली के वध और उनके मांस की बिक्री के अंत की शुक्रवार को घोषणा की। एचएसआई ने कहा कि वह टोमोहोन एक्सट्रीम मार्केट के बूचड़खानो में मौजूद जीवित कुत्ते-बिल्लियों को बचाएगा और उन्हें अभयारण्यों में छोड़ेगा।

## ऑफ बीट

# बिना एसी के घरों को ठंडा कैसे बनाया जाए



दुनिया भर में तापमान बढ़ रहा है। कैलिफोर्निया की डेथ वैली और चीन के झिंजियांग क्षेत्र दोनों में तापमान 50 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। भूमध्य सागर में भी प्रचंड गर्मी चल रही है, जिससे इटली, स्पेन, फ्रांस और ग्रीस के कुछ हिस्सों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक हो गया है। तापमान बढ़ने पर एयर कंडीशनर अक्सर स्थायी समाधान बन जाते हैं। कई लोग रेफ्रिजरेंट का भी उपयोग करते हैं जिन्हें फ्लोरिनेटेड गैस कहा जाता है, जिनका रिसाव होने पर ग्लोबल वार्मिंग की संभावना अधिक होती है।इमारतों और सूर्य की किरणों के बीच अवरोध पैदा करके उन्हें बहुत अधिक गर्मी से बचाया जा सकता है। इसे प्राप्त करने के विभिन्न तरीके हैं, जिनमें परावर्तक और हवादार छतों से लेकर बाहरी खिड़की के शटर और शामियाना तक शामिल हैं। बाहरी खिड़की के शटर का उपयोग करने से शीतलन आवश्यकताओं को 14% तक कम किया जा सकता है। यहां तक कि अपनी छत को हल्के रंग में रंगने जैसी सरल चीज़ भी घर के अंदर के तापमान को कम कर सकती है।

## ट्रेंड

### खाद्य सुरक्षा मजबूत हो



शिखर सम्मेलन में वैश्विक खाद्य नियामकों की भूमिका और जिम्मेदारियां, वैश्विक खाद्य सुरक्षा के समाधान, मजबूत मानक-सेटिंग और नवाचार जैसे विषयों पर व्यावहारिक सत्र होंगे।हम खाद्य सुरक्षा में वैश्विक सद्भाव लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**-डॉ मनसुख मंडाविया, केंद्रीय मंत्री**


### संसद में बयान नहीं दिया



नरेंद्र मोदी जी, आपने संसद के अंदर कोई बयान नहीं दिया। यदि आप क्रोधित होते तो कांग्रेस शासित राज्यों के साथ झूठी समकक्षता बनाने के बजाय सबसे पहले अपने मणिपुर के मुख्यमंत्री को बर्खास्त कर सकते थे।

**-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

### शर्मनाक घटना



मणिपुर में लोकतंत्र, लोकलाज, विश्वास, संस्कृति, सौहार्द, संवाद और मानवता का सरेआम कत्ल हो रहा है। नफ़रत और हिंसा फैलाने वाली पार्टी के लोग कंबल ओढ़ कर घी पी रहे है। मणिपुर में जो हो रहा है वह शर्मनाक है।

**-लालूप्रसाद यादव, राजद सुप्रीमो**

### कौन किसे बेवकूफ बना रहा



मणिपुर में 4 मई को एक महिला को नग्न कर घुमाया गया। प्रशासन ने नेल्सन की ओर से आंखें फेर लीं। एक वीडियो के सार्वजनिक डोमेन में आने के बाद। 20 जुलाई को चार संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया। कौन किसको बेवकूफ बना रहा है?

**-जावेद अख्तर, गीतकार**

संपादकीय

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी अलवर शाखा के सचिव डॉ.रूप सिंह ने महामहिम राष्ट्रपति से की भेंट





सितारा न्यूज नेटवर्क

**रुपेश शर्मा / अलवर।** इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी अलवर ब्रांच के चेयरमैन डॉ.एस.सी. मित्तल ने बताया कि दिल्ली में आयोजित इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी की वार्षिक साधारण मीटिंग के बाद राजस्थान का प्रतिनिधि दल राष्ट्रपति भवन में सोसाइटी के स्टेट चेयरमैन राजेश कृष्ण बिरला के नेतृत्व में राष्ट्रपति महामहिम द्रौपदी मुर्मू से मिला` 'इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी अलवर शाखा के सचिव डॉ.रूप सिंह भी उस दल के सदस्य थे । डॉ.मित्तल ने बताया कि इस अवसर पर स्टेट चेयरमैन राजेश कृष्ण बिरला ने राज्य के रेडक्रॉस के सेवा कार्यो से महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अवगत करवाया । महामहिम राष्ट्रपति महामहिम द्रौपदी मुर्मू ने देहदान व अंगदान को प्रोत्साहित करने के लिए राज्यपाल कलराज मिश्र के कार्य की प्रशंसा की ।राष्ट्रपति के साथ राष्ट्रीय संगठन के चेयरमैन एवं केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं चिकित्सा मंत्री मनसुख भाई मांडविया , सचिव सुधांश पंत, सेक्रेटरी जनरल आर.के.जैन एवं न्याय एवं संसदीय कार्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल से भी मुलाकात करी । अलवर शाखा के सचिव डॉ.रूप सिंह ने अलवर में दिसम्बर 2021 से अब तक हुई फर्स्ट ऐड ट्रेनिंग , गतिविधियों से अवगत करवाते हुए बताया कि तकरीबन 5 वर्ष बाद बस ड्राइवर एवं कंडक्टर की पोस्ट निकलने वाली है ।जिसके रहते बहुत ज्यादा रजिस्ट्रेशन हो रहे है इसको मध्यनजर रखते हुए प्रतिदिन में होने वाले बैच की संख्या बढ़ाने या ट्रेनिंग डे कम करके प्रतिदिन के समय को बढाकर बैच शुरू करने की बात एवं अन्य आने वाली समस्याओ से स्टेट चेयरमैन राजेश कृष्ण बिरला को अवगत करवाया ।




## सितारा न्यूज ब्रीफ

### निः शुल्क दिव्यांग सहायतार्थ शिविर का आयोजन आज




सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** भारत विकास परिषद ब्यावर शाखा व भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति,कोटा के संयुक्त तत्वावधान में स्व.राधेश्याम काबरा की पुण्य स्मृति में अजय इंडिया लिमिटेड सरगांव भीलवाड़ा एवं ब्रह्मलीन सरोज देवी गर्ग धर्मपत्नी ओमप्रकाश गर्ग की पुण्य स्मृति में मैं.भजनलाल सुरेशचंद सर्राफ " स्वर्णगंगा" ब्यावर के संयुक्त सौजन्य से दो दिवसीय दिव्यांग सहायतार्थ शिविर आयोजित किया जा रहा है । शिविर संयोजक अमरचंद मूंदड़ा ने बताया दिव्यांग सहायतार्थ शिविर का आयोजन 22 व 23 जुलाई शनिवार व रविवार को प्रातः 9:00 बजे से रोड़वेज बस स्टैंड के पास, सतपुलिया, फतेहपुरिया बगीची में रखा गया है। जिसमें दिव्यांगो के लिए कृत्रिम पैर (जयपुर फुट),केलीपर्स (जूता) बैसाखिया ,आदि निः शुल्क प्रदान किये जायेंगे। शाखा अध्यक्ष - संजय गर्ग ने बताया कि शिविर में प्रथम दिन 22 जुलाई को कटे हुवे पैर, व बैसाखियों की नाप ली जायेगी और 23 जुलाई को दोपहर तक वितरण किए जायेगे। शाखा सचिव - कन्हैया लाल शर्मा ने बताया कि शिविर व्यवस्था के लिए अलग अलग समितियां रजिस्ट्रेशन समिति, आवाज व्यवस्था, चाय, भोजन व्यवस्था , टेंट व मंच संचालन व्यवस्था, टेक्नीशियन का सामान्य, कोर्डिनेशन, मोमेंटो व्यवस्था आदि बनाकर कार्य भार सौंपा गया। शिविर के प्रचार प्रसार के शहर के अलग अलग क्षेत्रों व आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों में पैंपलेट का वितरण व फ्लेक्स लगाए गए। बैठक में - संजय गर्ग, कन्यालाल शर्मा ,तिलक माहेश्वरी ,राजेंद्र बडगोती,प्रशांत पाबूवाल, वैभव सुकलेचा , भुवनेश जांगिड़ अनिल भराडिया ,अशोक मेवाड़ा, राधा मोहन जोशी गिरीश बंसल ,नीरज प्रजापति आदि सम्मिलित हुए`

### बिजली की समस्या को लेकर जिला परिषद सदस्य रामकेश मीणा ने अधीक्षण अभियंता को सौंपा ज्ञापन

सितारा न्यूज नेटवर्क

**बस्सी ( रामफूल मीणा)।** बस्सी विधानसभा क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से लगातार चल रही बिजली की आंख मिचोली एवं विभिन्न समस्याओं को लेकर स्थानीय जिला पार्षद रामकेश मीणा ने क्षेत्र में बिजली की समस्या का समाधान करने एवं विद्युत आपूर्ति करने के लिए विमल कुमार माचीवाल अधीक्षण अभियंता बिजली विभाग जयपुर ग्रामीण को शुक्रवार को ज्ञापन सौंपा इस दौरान मीणा ने बताया कि किसानों को दिनभर खेत में काम करने के बाद रात्रि में भी गर्मी के मौसम में बिजली की समस्या से जूझना पड़ रहा है । गौरतलब है कि गर्मी तेज होने से किसान दिनभर खेत में काम करते हैं तथा रात्रि में भी उन्हें विश्राम नहीं मिल पाता है वहीं क्षेत्र के विद्यार्थी वर्ग को भी बिजली की समस्या का सामना करना पड़ रहा है विद्यार्थी गर्मी के मौसम में बिना बिजली के अपनी पढ़ाई और अध्ययन कार्य पूरे नहीं कर पा रहे है इस दौरान उनके साथ भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।



### 20 वर्ग किलोमीटर के दायरे में लैड व जिंक की उम्मीद - महेश शर्मा

*रैणी के बिलेटा के पहाड़ से भू वैज्ञानिक टीम ने लिए सैंपल*



सितारा न्यूज नेटवर्क


**रैणी (अलवर) महेश चन्द मीणा ।** अलवर के रैणी-उपखंड क्षेत्र के बिलेटा , पाटन के आसपास करीब 20 वर्ग किलोमीटर में लैड , जिंक व चांदी का भंडार होने की उम्मीद जताई जा रही है`रामानंद यादव की हड़ताल के बाद अब भू वैज्ञानिक विभाग की एक्सपर्ट की टीम ने भी शनिवार व रविवार को दौरा किया।

इस दौरान टीम ने माना है कि यहां मिले गैलेना पत्थर के वजन से 7 गुना तक भारी है जो अलग दिखाई देता है, यह परत के रूप में चमकीला भी है। मौके से भू वैज्ञानिक अधिकारियों ने सैंपल लेने के बाद कहा कि यहां लैड , जिंक व चांदी होने की बड़ी उम्मीद है भुविज्ञान विभाग के अतिरिक्त निदेशक आलोक जैन , वरिष्ठ भू वैज्ञानिक महेश शर्मा व एमई जयपुर श्रीकृष्ण शर्मा ने दो दिन पहले सैंपल लिए हैं ।अब सैंपल का एक्सप्लोरेशन कराने के बाद माइनिंग ब्लॉक तैयार कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। अलवर के रसायन शास्त्र रामानंद यादव को सबसे पहले यहां गैलेना होने की सूचना मिली करीब 1 महीने पहले वे यहां से सैंपल लेकर गए थे इसके बाद सैंपल की उदयपुर व दिल्ली में जांच कराई तब यह पुष्टि हुआ था कि इसमें 80 प्रतिशत के लगभग लैड है। 0.8% चांदी व जिंक है इसके बाद मीडिया टीम ने पूरी रिपोर्ट प्रकाशित की तो बाद में विभाग के अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंची अब यहां से सैंपल लेने की प्रक्रिया पूरी की गई है जिसकी जांच के बाद आगे कार्रवाई की जाएगी । फिलहाल प्रारंभिक तौर पर यह माना गया है कि यह करीब 20 किलोमीटर तक के एरिया में लैड की भरमार है साथ में जिंक व चांदी भी है। भू वैज्ञानिक महेश शर्मा ने भी मिडिया को आश्वस्त किया कि एक दो दिन पूरी जानकारी कर आपको अवगत करवा दिया जाएगा।

**राजस्थान में बढ़ते भ्रष्टाचार के खिलाफ 1अगस्त को जयपुर में होगा आंदोलन...**

## भाजपा युवा नेता युवा नेता जय आहूजा ने कार्यकताओं ली बैठक

**युवा नेता ने भाजपा कार्यकर्ताओं से आंदोलन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का किया आह्वान**

सितारा न्यूज नेटवर्क

**युवराज शर्मा /अलवर ।** भाजपा युवा नेता जय आहूजा ने श्री रामगढ विधानसभा क्षेत्र के मंगलेशपुर गांव मे भारतीय जनता पार्टी के अभियान नही सहेगा राजस्थान को लेकर विधानसभा के शक्ति केंद्र प्रभारी, शक्ति केंद्र संयोजक, शक्ति केंद्र सह संयोजक, बूथ अध्यक्ष और भाजपा के कार्य कताओं सहित ग्राम निवासी लोगो के साथ बैठक की। राजस्थान मे कांग्रेस सरकार के राज मे लगातार बढ़ रहे भ्रष्टाचार के विरुद्ध मे सभी कार्यकताओं से बात चीत कर भ्रष्टाचार को रोकने के लिए विचार विमर्श किया गया और 1 अगस्त 2023 को भ्रष्टाचार के खिलाफ जयपुर मे होने वाले आंदोलन मे चलने के लिए आह्वान किया। ग्राम निवासी लोगो द्वारा साफा पहना कर स्वागत किया गया। इस दौरान श्री रामगढ मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा , बूथ अध्यक्ष मूलचंद , नरेंद्र सिंह अमर सिंह, भगत , मूलसिंह रेशम सिंह लाल सिंह , सुखलाल गिर्राज भलाई , गंगूराम , हितेश शर्मा ( हनी), अंकित, शिवम शर्मा , बृजेश खटिक , हरि ओम चौधरी उपस्थित रहे।

**2014 में पुलिस सेवा में एसआई के रूप में हुआ था चयन**

## रैणी एसएचओ राजेश मीना ने सम्भाला कार्यभार

### 5 भाई-बहिनो मे सबसे छोटे है राजेश मीना

सितारा न्यूज नेटवर्क

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर के पुलिस थाना रैणी मे बुधवार को नये थानाधिकारी के रूप मे राजेश मीना ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है जो ओमप्रकाश मीना एसएसओ के तबादले के बाद नये थानाधिकारी के रूप आये है। रैणी थानाधिकारी राजेश मीना का पुलिस विभाग मे 2014 मे एसआई के रूप मे चयन हुआ।



मीना ने मिडिया को बताया कि कोटा मे लगातार चार साल तक द्वितीय थानाधिकारी के रूप मे तैनात रहा और फिर इसके बाद झालावाड के कामखेडा थाना मे थानाधिकारी के रूप मे 10 माह तक तैनात रहा फिर दौसा मे डीएसटी इनचार्ज के रूप मे ढाई साल तक रहा और फिर इसके बाद नांगल राजावतान (मीना हाई कोर्ट) थाना मे थानाधिकारी के रूप मे एक साल तक रहा तथा इसके बाद दौसा कोतवाली थाना मे द्वितीय थानाधिकारी के रूप मे 15 जुलाई 2023 तक रहे फिर अलवर पुलिस लाइन मे आ गए और 19 जुलाई 2023 बुधवार को पुलिस थाना रैणी मे थानाधिकारी के रूप कार्यभार ग्रहण कर लिया।

मीना ने बताया कि हम जयपुर के जमवारामगढ से है और किसान परिवार से है तथा हम 5 भाई-बहिन है जिनमे मै सबसे छोटा हू और मै ही सरकारी सेवा मे हू और सभी खेतीबाड़ी का काम ही देखते है तथा मेरे पिताजी तो जब मै 8 वी कक्षा मे ही पढता था तब ही भगवान को प्यारा हो गया लेकिन मुझे परिवार मे सभी भाई-बहिनो व माताजी का प्यार खूब मिला और उन सभी के प्यार व आशिर्वाद की ही देन है कि मै आज इस मुकाम तक पहुंचा हू। मिडिया को यह सारी जानकारी नये एसएचओ राजेश मीना के द्वारा दी गई है।

### मोहर्रम के ढोल ताशे बजाने को लेकर झगड़ाः युवक से हुई मारपीट

**धौलपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र की मदीना कॉलोनी और पुरानी सराय के बीच एक युवक से चार लोगों ने बेरहमी से मारपीट की। मारपीट में घायल हुए युवक को स्थानीय लोगों की मदद से जिला अस्पताल के ट्रॉमा वार्ड में भर्ती कराया गया है। कोतवाली थाना प्रभारी अनिल जसोरिया ने मारपीट के आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। अस्पताल में भर्ती कराए गए घायल युवक मोसिम (19) पुत्र गनी मोहम्मद निवासी पुरानी सराय ने बताया कि वह फर्नीचर का काम करके वापस अपने घर जा रहा था। इसी बीच मोहर्रम को लेकर मदीना कॉलोनी में ढोल ताशे बजाए जा रहे थे, जिन्हें देखने के लिए वह अपने साथी के साथ मौके पर ही रुक गया।

## विजन संस्थान ने स्टेट कार्यकारी अध्यक्ष हरीश कालरा का मनाया जन्मदिन

**निःशुल्क फूड बॉक्स अभियान के तहत जरूरतमंदों को करवाया गया भोजन**





सितारा न्यूज नेटवर्क

**रुपेश शर्मा / अलवर ।** स्टेट कार्यकारी अध्यक्ष हरीश कालरा के जन्मदिवस पर विजन संस्थान द्वारा चलाए जा रहे निःशुल्क फूड बॉक्स अभियान में भाग लेकर जरूरत मंद आम जनों को भोजन कराया। भोजन के साथ ही उन्हें बिस्कुट के पैकेट भी दिए गए। इस अवसर पर विजन संस्थान द्वारा मिल्क केक काटकर हरीश कालरा का जन्मदिन मनाया व उन्हें आज के भोजन के सहयोग के लिए आभार प्रकट किया। विजन संस्थान जन सहयोग से प्रतिदिन जरुरत मंद लोगो निःशुल्क भोजन (भरपेट) उपलब्ध कराते हैं। कार्यक्रम में अलवर जिला इकाई अध्यक्ष राजेश भट्ट, सचिव रामप्रकाश गुप्ता, हरीश कालरा , आशा कालरा, गिरीश गुप्ता, राजेंद्र अरोड़ा, ताराचंद अग्रवाल, मधुसूदन शर्मा, सुरेश अवस्थी, प्रमिला गुप्ता आदि ने सहयोग किया।

## बीएसएफ ने किया वृहद वृक्षारोपण



सितारा न्यूज नेटवर्क

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर** आज सेक्टर मुख्यालय बीएसएफ बीकानेर में श्री पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ डीआईजी की उपस्थिति में सभी अधिकारियों,अधिनस्थ अधिकारियो और जवानों के द्वारा एक बड़ा वृक्षारोपण अभियान चलाया गया है, हरियालो राजस्थान के तहत 3000 फलदार और अन्य नीम ,खेजड़ी,जामुन,रोहिड़ा,खजूर ,अमरूद,पीपल,बरगद और बीलपत्र के पौधे लगाए गए। श्री पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ डीआईजी ने अपने उद्बोधन में बताया सेक्टर हेडक्वार्टर बीएसएफ का इस वर्ष दो लाख वृक्ष लगाने के लक्ष्य के तहत सभी सीमा चौकियों सार्वजनिक स्थलों पर वृक्षारोपण किया जा रहा है फल वन - "सभी के लिए फल" और पहला सुख निरोगी काया के मुकाम को वर्तमान समय में ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण करके प्राप्त किया जा सकता है इसलिए मानव को अपने जीवन में अधिकाधिक वृक्षारोपण करना चाहिए।

## आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने बनाई रणनीति







सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा द्वारा राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के हॉस्पिटल रोड़ स्थित कार्यालय पर पाली, सिरोही, नागौर जिला कांग्रेस कमेटियों के प्रमुख नेतागण एवं पदाधिकारीगण की एक महत्वपूर्ण बैठक आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों हेतु ली गई। बैठक में एआईसीसी के राजस्थान प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, सचिव व सह प्रभारी काजी मोहम्मद निजामुद्दीन, वीरेंद्र सिंह राठौड़ एवं अमृता धवन भी मौजूद रहे। बैठक में आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर फीडबैक लिया गया तथा तैयारियों के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। विधानसभा क्षेत्रवार तथा ब्लॉक स्तर तक बैठक लेकर रोड मैप तैयार करने के निर्देश प्रदान किए जाकर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आगामी कार्यक्रम एवं विधानसभा चुनाव हेतु मुख्य मुद्दों पर विस्तृत विश्लेषण के साथ चर्चा की गई तथा स्थानीय मुद्दों पर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

## करण वर्मा ने सार्वजनिक स्थानो पर रखवाई कुर्सियाँ



सितारा न्यूज नेटवर्क

**खाटूश्यामजी।(विनोद कुमार)**खाटूश्यामजी कस्बे में सामाजिक कार्यकर्ता व कांग्रेस नेता करण वर्मा की ओर से अपने पिता स्वः नंदलाल वर्मा की स्मृति में खाटूश्यामजी नगर पालिका में राजकीय सामुदायिक भवन खाटूश्यामजी और मेघवाल शमशान भूमि ,खाटूश्यामजी पुलिस थाना सहित सार्वजनिक स्थानो पर आम जनो को बैठने की व्यवस्था के लिए कुर्सियाँ रखवाई।इस अवसर चिकित्सा प्रभारी गोगरज निठारवाल , थाना प्रभारी सुभाष यादव , धर्म वर्मा ,बनवारी लाल वर्मा , श्याम , पुलिस थाने के मुंशी हरी राम,कोंस्टेबल सन्तोष चौधरी शायरमल ,राजेन्द्र ,सुरेश वर्मा आदि उपस्तिथ रहे ।

## मणिपुर में महिलाओं के साथ खतरनाक हिंसा के खिलाफ मनाया काला दिवस




सितारा न्यूज नेटवर्क

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति कि राज्य महासचिव डॉ. सीमा जैन ने बताया कि पिछले 73 दिनों से भारत का अभिन्न भाग मणिपुर जातीय और सांप्रदायिक हिंसा की आग में जल रहा है। हिंसा के दौर में सबसे अधिक प्रताड़ना का शिकार महिलाएं हो रही है। महिलाओं के साथ गैंगरेप तथा उनसे निर्वस्त्र सड़क पर परेड कराने जैसी जघन्य और अमानवीय घटना ने पूरे देश को शर्मसार किया है फिर भी मणिपुर राज्य सरकार और केंद्र सरकार मूकदर्शक की तरह तमाशबीन बने बैठे हैं जो कि देश के इतिहास में अब तक का सबसे घोर निंदनीय माहौल है ।केंद्र सरकार पूरी तरह से महिला विरोधी सरकार है जिसे इसने अपने व्यवहार से साकार कर दिखाया है एक तरफ कहते हैं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं। वही देश की बेटियों और बहनों की इज्जत बचाने में यह सरकार पूरी तरह से नाकाम साबित हुई है। देश की महिलाओं में भयंकर आक्रोश है और इसी आक्रोश के तहत बीकानेर जिला कलेक्ट्रेट पर काला दिवस मनाते हुए महिलाओं ने काली पट्टी बांधकर तथा काले कपड़े पहन कर विरोध प्रदर्शन किया और मणिपुर की महिलाओं सहित पूरे देश की महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग उठाई। प्रदर्शन का नेतृत्व जिला उपाध्यक्ष रजिया बानो, उर्मिला बिश्नोई, फरजाना, मोनिका प्रजापत, रमजानी, हसीना इत्यादि ने किया।

## हरिद्वार से कावड़ लेकर पहुंचे शिवभक्त ने जाजोद शिव मंदिर में किया जलाभिषेक





सितारा न्यूज नेटवर्क

**जाजोद(अरविन्द कुमार)।** ग्राम पंचायत जाजोद में शुक्रवार को श्रावण मास में शिव भोले के जलाभिषेक के लिए 15 दिन की पैदल पदयात्रा कर हरिद्वार से जाजोद तक कावड़ लेकर पहुंचे दीपेंद्र सिंह ने भक्ति में ही शक्ति की कहावत को चरितार्थ किया। शिवभक्त दीपेंद्र सिंह ने बताया कि हरिद्वार से जाजोद पहुंचने पर ग्रामवासियों द्वारा फूल माला पहनाकर डीजे के साथ जोरदार स्वागत किया गया। समस्त ग्रामवासी डीजे की धुन पर नाचते गाते शिव भक्त को मुख्य चौक स्थित शिव मंदिर परिसर लेकर आए जहां पंडित एन एल शास्त्री ने विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करवा कर शिव भोले का जलाभिषेक कर कांवड़ शिव मंदिर में चढ़ाई। इस दौरान श्याम सिंह चौहान, सवाई सिंह चौहान, महेंद्र सिंह, सुरेश सैन, अंकित लाटा, कृष्ण लाटा, अजीत सैन, अमित लाटा, भरत स्वामी, राहुल लाटा, सुभाष लाटा, अशोक दुसाद, प्रत्यूष लाटा सहित कई महिलाएं-पुरुष मौजूद थे।

## भामाशाह शांतिलाल ने बच्चों को पाठ्य सामग्री की वितरित

सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर(अनिल सिखवाल।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय शाहपुरा मोहल्ला में भामाशाह शांतिलाल नाबरिया द्वारा यूसीईईओ एवं प्रधानाचार्य राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय छावनी रोड डॉ सीमा कृपलानी की प्रेरणा से कक्षा 1 से 8 तक के छात्र-छात्राओं को कॉपी रजिस्टर एवं बिस्किट के पैकेट इत्यादि पाठ्य सामग्री वितरित की। प्रधानाचार्य लीला जनागल एवं अध्यापक बृजकिशोर ने आभार व्यक्त किया।





**लव-कुश कल्याण बोर्ड का गठन होना समाज की संस्कृति और इतिहास सुरक्षित रहेगा : डीके कुशवाहा**

# लव-कुश कल्याण बोर्ड बनने से समाज को मिलेगी पहचान : वासुदेव कुशवाहा

### लव-कुश कल्याण बोर्ड बनाने के लिए सभी विधायकों और मुख्यमंत्री को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं हमारी भावनाओं को समझा : रामहेत कुशवाहा

सितारा न्यूज नेटवर्क

धौलपुर/अंकित गोयल।कुशवाहा समाज के 2 अगस्त के अल्टीमेटम के बाद सरकार आई हरकत में कुशवाहा समाज की 3 सूत्रीय मांगों में से लव-कुश कल्याण बोर्ड का गठन का आदेश जारी कर दिया गया है । प्रवक्ता रामहेत कुशवाहा का कहना है कि 2 अगस्त 2023 का रेल रोको रोड लोको आंदोलन की कुशवाहा समाज ने चेतावनी दे रखी है ।इसके चलते मुख्यमंत्री ओएसडी देवाराम सैनी को मुख्यमंत्री आवास पर पहुंचकर समाज के 151 प्रतिनिधियों ने विधायक रोहित बोहरा की नेतृत्व में 20 जुलाई 2023 और उससे पहले कई विधायकों ने कुशवाहा समाज की मांगों को लेकर के पत्र लिखे थे । लेकिन पिछले दिनों से पीडब्ल्यूडी मंत्री भजन लाल जाटव धौलपुर विधायक शोभा रानी कुशवाहा विधायक रोहित बोहरा गिर्राज सिंह मलिंगा मंत्री सुभाष गर्ग सहित 2 दर्जन से अधिक विधायक और मंत्री कुशवाहा समाज की मांगों को लेकर के सरकार के लगातार संपर्क में थे । इस प्रकार कुशवाहा समाज की विभिन्न मांगों को लेकर के आज सरकार ने 3 सूत्री मांगों में से राज्य लव-कुश कल्याण बोर्ड की घोषणा कर दी है ।





आरक्षण संघर्ष समिति के सह संयोजक वासुदेव कुशवाहा का कहना है कि मुख्यमंत्री ने समय रहते जो फैसला लिया है वह ठीक है । श्रीमान जी से चाहते हैं कि हमारे 12 परसेंट आरक्षण और लव कुश छात्रावास की मांग पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। धौलपुर के पूर्व प्रधान एवं प्रदेश प्रवक्ता रामहेत कुशवाहा का कहना है कि सरकार ने जो लव-कुश कल्याण बोर्ड बनाया है उसके लिए मुख्यमंत्री जी बधाई के पात्र हैं ।प्रधान का कहना है कि मीडिया प्रभारी डीके कुशवाहा द्वारा लव-कुश कल्याण बोर्ड के लिए जो मिशन चलाया था और सपना देखा था वह बधाई के पात्र हैं समाज ने और आरक्षण संघर्ष समिति के मीडिया प्रभारी की बात को समझते हुए उनका मनोबल बढ़ाया और आज सरकार ने बोर्ड का गठन कर दिया !कार्यकताओं ने लव कुश कल्याण बोर्ड की लड़ाई को शुरू करने वाले आरक्षण संघर्ष समिति के प्रदेश मीडिया प्रभारी डीके कुशवाहा का कहना है कि समाज के बच्चे बच्चे की लगन लगी थी कि लवकुश कल्याण बोर्ड बनना चाहिए आज सरकार ने लव-कुश कल्याण बोर्ड की घोषणा कर दी है आरक्षण संघर्ष समिति के सभी पदाधिकारियों को मेहनत के लिए बहुत-बहुत बधाई लक्ष्मण सिंह कुशवाहा जयपुर रामहेत कुशवाहा अध्यक्ष जय भोले कुशवाहा विकास समिति पप्पू सिंह कुशवाहा हेमलता कुशवाहा प्रदेश प्रवक्ता परशुराम कुशवाहा सुरेंद्र सिंह कुशवाहा तोता राम कुशवाहा,रमस्वरूप मैनजर रतनसिंह मनिया, उत्थान फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष राम प्रसाद कुशवाहा बयाना बने सिंह चेयरमैन रतन सिंह बैर, रघुनाथ सिंह बेर तोताराम कुशवाहा रामस्वरूप मैनेजर किशन सिंह केपी सिंह कुशवाहा वीरभद्र सरपंच साहब भीकम सिंह कुशवाह मनिया डॉक्टर श्री कृष्ण कुशवाहा कृष्णा कुशवाहा जिला अध्यक्ष कुशवाहा छात्र संघ रामकिशन फौजी गोवर्धन सिंह फौजी अर्जुन सिंह कुशवाहा ओमप्रकाश गंगानगर शिवकुमार कुशवाहा करौली, डा. रजनीकांता कुशवाहा रामबाबू बाडी, पप्पू बाड़ी, मंगलसिह सभी आरक्षण संघर्ष समिति के पदाधिकारियों की तरफ से लव-कुश कल्याण बोर्ड एवं समाज की मांगों के संबंध में समोसवा समाज का साथ देने वाले सभी विधायक सभी नेताओं को बहुत-बहुत बधाई। आरक्षण संघर्ष समिति के संयोजक वासुदेव कुशवाहा, प्रदेश प्रवक्ता रामहेत प्रधान का कहना है कि सरकार ने हमारी हमारी 3 सूत्री मांगों में से एक मांग को पूरा कर दिया है जो लव-कुश कल्याण बोर्ड है अभी 12% आरक्षण और प्रदेश में लव-कुश छात्रावास की मांग अधूरी है इसके लिए आगामी समय में 2 अगस्त से पहले मीटिंग की जाएगी उसके बाद फैसला लिया जाएगा । मीडिया प्रभारी डीके कुशवाहा ने बताया कि यह लवकुश कल्याण बोर्ड और 12% आरक्षण की मांग और लव कुश छात्रावास की मांग किसी व्यक्ति विशेष की मांग नहीं है संपूर्ण राजस्थान के कुशवाहा शाक्य समाज की मांग है ! संपूर्ण समाज का सहयोग रहा है संपूर्ण समाज की मेहनत रंग लाई है ।

## कालाडेरा के सुरेश कुमावत ने जीता सिल्वर मेडल



सितारा न्यूज नेटवर्क

**कालाडेरा।** कस्बे के परसा बाबा की ढाणी के सुरेश कुमावत ने बांदीकुई दौसा में आयोजित राज्य स्तरीय पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में कुल 497.5 किलोग्राम वजन उठाकर सिल्वर मेडल जीता। सुरेश ने 59 किलो भार वर्ग में मेडल अपने नाम किया। सुरेश इसे पहले भी कई बार राष्ट्रीय, राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में मेडल जीत चुके हैं। सुरेश ने अपनी उपलब्धियां का श्रेय अपने गुरु पवन कुमावत ,( वर्ल्ड चैंपियन ) अपने पिता सोहन लाल कुमावत को दिया। सुरेश रोज 4 घंटे कडी मेहनत करते हैं।

**ग्राम पंचायत की पाक्षिक बैठक में** विकास कार्यों के मुद्दों पर चर्चा

## विकास कार्यों में कोई कसर नहीं रहेगी, हमेशा अग्रणी : सरपंच सिंघल





सितारा न्यूज नेटवर्क

**हिंगोनियां।** विकास कार्यों में कोई कसर नहीं रहेगी,हमेशा अग्रणी रहकर कार्य करने के लिए तत्पर हैं।यह बात शुक्रवार को ग्राम पंचायत जोरपुरा सुन्दरियावास की पाक्षिक बैठक में सरपंच कजोड़मल सिंघल ने अध्यक्षता करते हुए कहीं। सिंघल ने कहा कि जनता के बीच में रहकर,जनता की हर एक समस्या का निदान करने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। उपस्थित वार्ड पंचों ने अपनी अपनी वार्ड की समस्याओं से अवगत करवाया जिसके उपरांत प्रस्ताव लेकर अनुमोदन कर अतिशीघ्र कार्रवाई करने की बात कही। बैठक में पंचायत समिति सदस्य रामनिवास शर्मा ने कहा कि हर एक वार्ड में विकास कार्यों में कोई कमी नहीं रहेगी। ग्राम विकास अधिकारी रणजीत सिंह भाटी ने कहा कि ग्राम पंचायत में हर एक वार्ड में आम जनता की जो भी समस्याएं आ रही है उनका हर संभव प्रयास किया जा रहा है। बैठक में अतिक्रमण से संबंधित शिकायत भी प्राप्त हुई,जिसका कोरम ने मौका निरीक्षण किया और अतिक्रमण हटाने की बात कही। बैठक में कच्चे रास्तों में आवागमन बाधित होने पर मोरम-मिट्टी भरत,पेयजल समस्याओं की उपस्थित कोरम ने बात रखी जिसका अनुमोदन किया गया। बैठक में उप सरपंच कैलाश मीणा,वार्ड पंच बजरंग लाल लौछब,मुरली राम कुमावत, गुल्ला राम शर्मा,सन्तोष लीलाधर शर्मा, कनिष्ठ सहायक मोहन लाल प्रजापत,ई मित्र संचालक सुरेश बुरड़क,पुर्व उप सरपंच मदन लाल शर्मा समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

## कविता

**।। सत्ता का ख्वाब।।**

सत्ता में वापस से आने का ख्वाब,
उस मगरूर नशे में चूर,
राजा के सीने में कुछ
इस तरह से पल रहा था
वो सिंहासन बैठा हट्टाहास कर रहा था।
वो जल रहा था या जलवाया जा रहा था
इधर उधर की बातों से भोली भाली जनता
का मन बहलाया जा रहा था ।
मुफ्त वाली रेवड़ियों का थेला
हर किसी के हाथों पकड़ाया जा रहा था।
सत्ता के गलियारों में वापस
आने की खातिर
मसला कुछ इस तरह से
सुलझाया जा रहा था।
भाइयों को भाइयों से आपस में
लड़वाया जा रहा था।
मानवीयता भी अब यहां शर्मसार थी।
यह उसकी जीत के बाद
की सबसे बड़ी हार थी।
अमृत काल में यह कैसी
जहर भरी बौछार थी।
बेआबरू हो चुके थे जो पहले ही ,
उनकी जुबान लाचार थी।
इंसानियत भी अव यहां तार तार थी।
मेरी कलम भी अब रो रही थी ।
शायद लोकतंत्र की ये सबसे बड़ी हार थी।
मां भारती की आंखे भी जार जार थी।



सितारा न्यूज नेटवर्क
डॉ. कांता मीना
शिक्षाविद् एवं साहित्यकार

# एनआरसीसी में चार दिवसीय एक्यूप्रेशर शिविर का हुआ समापन







सितारा न्यूज नेटवर्क

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** भाकृअनुप-राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसन्धान केन्द्र (एनआरसीसी) में दिनांक 18.07.2023 से चल रहे चार दिवसीय एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर का आज दिनांक को समापन किया गया।केन्द्र द्वारा एक्यूप्रेशर रिसर्च एंड ट्रीटमेंट इंस्टिट्यूट, जोधपुर के सौजन्य से आयोजित इस शिविर में एनआरसीसी परिवार एवं भाकृअनुप परिषद स्थित संस्थानों/केन्द्रों आदि के 50 से अधिक अधिकारियों/कर्मचारियों ने लाभ उठाया। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ.एम.एस.साहनी, पूर्व निदेशक,एनआरसीसी ने कहा कि भारत के प्राचीन ग्रन्थों में एक्यूप्रेशर के एक स्वरूप के तौर पर विभिन्न मुद्राओं आदि का उल्लेख मिलता है जिससे लोग स्वस्थ एवं निरोग रहते थे, वहीं वैश्विक परिदृश्य में चीन, जापान आदि में इसे एक्यूपंचर के तौर पर अपनाया गया।डॉ.साहनी ने एक्यूप्रेशर चिकित्सा पद्धति को अत्यंत लाभकारी बताते हुए इसे लोकप्रिय बनाने की आवश्यकता पर बल दिया क्योंकि इसके माध्यम से व्यक्ति स्वयं का उपचार कर सकता है।इस अवसर पर केन्द्र निदेशक एवं कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ.आर्तबन्धु साहू ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में व्यक्ति थकावट, अनिद्रा, तनाव आदि से ग्रस्त रहता है, ऐसे में अनचाहे रोगों से मुकाबले और दवाइयों की निर्भरता को कम करने में एक्यूप्रेशर चिकित्सा पद्धति लाभदायक है। डॉ.साहू ने ग्रामीण से शहरी परिवेश में जीवन शैली में आए बदलाव तथा एक्यूप्रेशर पद्धति से स्वयं का स्वयं द्वारा इलाज संभव होने की बात कही। इस अवसर पर विशिष?ट अतिथि के रूप में डॉ.कपिल गोम्बर, निदेशक एवं मुख्य फिजियो थैरेपिस्ट, बीकानेर ने फिजियो थैरेपी पर व्याख्यान प्रस्तुति के दौरान कहा कि इस मशीनी युग में प्रैक्टिकल ट्रीटमेंट के लिए फिजियो थैरेपी एक बढ़िया विकल्प माना जा सकता है, इसका लाभ लिया जाना चाहिए।

इस अवसर पर एक्यूप्रेशर रिसर्च एंड ट्रीटमेंट इंस्टिट्यूट, जोधपुर के डॉ.नरपत सिंह एवं डॉ.भौम सिंह ने सदन को इस पद्धति द्वारा उपचार के विभिन्न सरल तरीके बताए।इस दौरान केन्द्र के डॉ.आर.के.सावल, प्रधान वैज्ञानिक ने भी अपने विचार साझा किए।समापन के इस अवसर पर डॉ.आर.ए.लेघा, डॉ.सुधीर कुमार, डॉ.बीरबल आदि गणमान्य जन भी मौजूद रहे। डॉ.वेद प्रकाश, प्रभारी स्टाफ वेलफेयर क्लब ने धन्यवाद प्रस्ताव ज्ञापित किया।

## खेत में काम करते समय किसान की करंट से हुई मौत

सितारा न्यूज नेटवर्क



**नारायणपुर, (बिन्टू कुमार)**उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत चतरपुरा में गुरुवार को खेत में कृषि कार्य करते समय किसान की करंट लगने से मौत हो गई।हैंड कांस्टेबल जीतराम ने बताया कि गुरुवार देर शाम करीब 6 बजे किसान गाडाराम (44) पुत्र सीताराम जाति मीणा निवासी चतरपुरा ढाणी धामेडी अपने खेत में कृषि कार्य कर रहा था। उस समय अचानक किसान गाड़ाराम को बिजली का करंट लग गया। घायल किसान को परिजन नारायणपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए। जहाँ पर चिकित्सकों ने किसान गाड़ा राम को मृत घोषित कर दिया। रात होने के चलते मृतक के शव का शुक्रवार को बानसूर पुलिस ने चिकित्सक मनीष बामनिया से पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार के लिए शव परिजनों को सौप दिया। वही मृतक गाड़ाराम के 1 लड़की और 2 लड़के हैं।


गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# वर्ल्ड कप — स्विटजरलैंड ने फिलीपीन को हराया

एजेंसी ▸▸ डुनेडिन

स्विटरलैंड ने महिला विश्व कप फुटबॉल के ग्रुप ए के अपने पहले मैच में फिलीपीन को एकतरफा मुकाबले में 2-0 से हरा दिया। स्विटजरलैंड के लिए रमोना बाकमैन ने हाफटाइम से पहले गोल किया जबकि सेराइना पीयूबेल ने दूसरे हाफ में बढ़त दोगुनी कर दी।

डुनेडिन के फोरसिथ बार स्टेडियम में यह पहला मैच था जो टूर्नामेंट का एकमात्र इंडोर स्टेडियम है। इसे देखने के लिए 13711 दर्शक मौजूद थे। इस जीत के साथ स्विटजरलैंड और न्यूजीलैंड ग्रुप ए में शीर्ष पर हैं और दोनों की अंतिम 16 में पहुंचने की संभावना प्रबल है। फिलीपीन टीम पहली बार विश्व कप खेल रही है और उसके रास्ते अब कठिन हो गए हैं। स्विटजरलैंड का सामना अब नॉर्वे से होगा जिसे पहले मैच में सह मेजबान न्यूजीलैंड ने हराया। वहीं फिलीपीन की टक्कर न्यूजीलैंड से होगी।



### न्यूजीलैंड की पहली जीत के बाद जश्न का माहौल

आकलैंड। सह मेजबान न्यूजीलैंड की महिला फुटबॉल टीम ने विश्व कप में पहली जीत दर्ज करते हुए ग्रुप ए में नॉर्वे जैसी मजबूत टीम को 1-0 से हराया और इसके बाद पूरे देश में मानों जश्न का माहौल है। अभी तक कीवी टीम महिला विश्व कप फुटबॉल में एक भी जीत दर्ज नहीं कर सकी थी। अब जीत के साथ आगाज करके उसने नॉकआउट में प्रवेश का मार्ग प्रशस्त कर लिया है। न्यूजीलैंड में पहली बार एक फुटबॉल मैच देखने के लिए 42000 से अधिक दर्शक स्टेडियम में पहुंचे। प्रधानमंत्री क्रिस हिपकिंस ने लॉकर रूम में जाकर खिलाड़ियों को बधाई दी।

# स्पेन ने कोस्टा रिका को 3-0 से दी मात



वेलिंगटन। स्पेन ने पहले हाफ में चार मिनट के अंदर तीन गोल करके महिला फुटबॉल विश्व कप मुकाबले में कोस्टा रिका पर 3-0 से जीत हासिल की। स्पेन की दो बार की 'बलोन डि ओर' विजेता एलेक्सिस पुतेलास 77वें मिनट में मैदान में उतरी लेकिन तब तक टीम की जीत सुनिश्चित हो चुकी थी। स्पेन ने वालेरिया डे कैम्पो के 21वें मिनट में आत्मघाती गोल की मदद से बढ़त हासिल की। फिर ऐताना बोनमाटी ने 23वें और ईस्थर गोंजालेज ने 27वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को 3-0 से आगे कर दिया और यह बढ़त अंत तक बरकरार रही।

### कनाडा को नाइजीरिया ने ड्रॉ पर रोका



मेलबर्न। ओलंपिक चैंपियन कनाडा को महिला विश्व कप फुटबॉल के पहले मैच में नाइजीरिया ने गोलरहित ड्रॉ पर रोक दिया। नाइजीरिया की गोलकीपर चियामाका नाडोजी ने कई गोल बचाए जिनमें क्रिस्टीन सिनक्लेयर की पेनल्टी शामिल है। कनाडा के लिए अंतरराष्ट्रीय पुरुष या महिला फुटबॉल में सर्वाधिक 190 गोल कर चुकी 40 वर्ष की सिनक्लेयर ने नौवें मिनट में भी गोल करने का एक मौका गंवाया जब उनका शॉट बॉक्स से टकरा गया। चियामाका को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

## खबर संक्षेप



### 18 वर्ष की क्रिकेटर आयशा का संन्यास

कराची। एक समय वसीम अकरम ने उन्हें काफी प्रतिभाशाली करार दिया था लेकिन पाकिस्तान की 18 वर्ष की क्रिकेटर आयशा नसीम ने इस्लाम की सेवा के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया। आक्रामक बल्लेबाज आयशा ने उस उम्र में खेल से नाता तोड़ा जब अधिकांश खिलाड़ी कॅरियर की शुरुआत करते हैं। पाकिस्तानी महिला टीम की कप्तान निदा दर और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने उन्हें मनाने की काफी कोशिशें की जो नाकाम रहीं।

### पुरुषों के लिए अंडर-20 चैंपियनशिप होगा शुरू

नई दिल्ली। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने अपनी प्रतियोगिता समिति से सलाह मशविरा करने के बाद पुरुषों के



लिए अंडर-20 राष्ट्रीय चैंपियनशिप शुरु करने का फैसला किया है। टूर्नामेंट प्रत्येक वर्ष आयोजित किया जायेगा जिसे अंडर-20 राष्ट्रीय चैंपियनशिप कहा जायेगा। पहली चैंपियनशिप जनवरी-फरवरी 2024 में कराई जाएगी। एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे ने अंडर-20 चैंपियनशिप शुरु करने की घोषणा करते हुए कहा, 'हम अपने तकनीकी विभाग और प्रतियोगिता समिति के साथ काफी चर्चा के बाद इस टूर्नामेंट को आरंभ कर रहे हैं।'

### कार्यक्रम की घोषणा से पीसीबी नाराज

कराची। पीसीबी ने बीसीसीआई सचिव और एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष जय शाह द्वारा आगामी एशिया कप का कार्यक्रम इस सप्ताह लाहौर में आधिकारिक समारोह से पहले जारी किये जाने पर नाराजगी जताई है। एशिया कप की ट्रॉफी के अनावरण और कार्यक्रम की घोषणा के लिए लाहौर में एक समारोह का आयोजन किया था। इसमें पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटरों और जाका अशरफ की अध्यक्षता वाली क्रिकेट प्रबंधन समिति के सदस्यों को शिरकत करनी थी।

### पुणेरी पल्टन ने दबंग दिल्ली को हराया

पुणे। भारत के युवा टेबल टेनिस खिलाड़ी मानुष शाह और अर्चना कामत के शानदार प्रदर्शन की बदौलत पुणेरी पल्टन ने शुक्रवार को यहां अल्टीमेट टेबल टेनिस के चौथे सत्र में दबंग दिल्ली टीटीसी पर 8-7 की रोमांचक जीत दर्ज की। मानुष ने पहले मैच में जान पर्सन को और फिर अर्चना ने हमवतन श्रीजा अकुला को 2-1 से शिकस्त दी। अर्चना की जीत से पुणेरी पल्टन ने जीत हासिल की। इससे पहले दबंग दिल्ली के लिए खेल रहे जी साथियान को ओमर अस्सार से पुरुष एकल मुकाबले में हार गये। दबंग दिल्ली की बार्बोरा बालाजोवा ने पुणेरी पल्टन की हाना मातेलोवा को 2-1 से हराया। तीसरे मैच (मिश्रित युगल) में साथियान और बार्बोरा ने मानुष और हाना को 2-1 से शिकस्त दी।

## क्रिकेट : भारत ने लंच तक छह विकेट पर 373 रन बनाए

# कोहली ने जड़ा 29वां टेस्ट शतक जडेजा ने अर्धशतक से जीता दिल

एजेंसी ▸▸ पोर्ट ऑफ स्पेन

अपने 500वें अंतरराष्ट्रीय मैच को यादगार बनाते हुए विराट कोहली ने टेस्ट करियर का 29वां शतक लगाया जिससे भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को यहां लंच तक छह विकेट पर 373 रन बना लिये। पिछले टेस्ट में शतक से चूकने वाले कोहली ने 206 गेंद की पारी में 121 रन बनाये। अंतरराष्ट्रीय करियर के अपने 76वें शतकीय पारी के दौरान उन्होंने रविंद्र जडेजा (61) के साथ पांचवें विकेट के लिए 159 रन की साझेदारी कर भारत की मजबूत वापसी करायी। कोहली रन आउट हुए जबकि जडेजा को केमार रोच (दो विकेट पर 86 रन) की गेंद पर विकेट के पीछे जोशुआ डा सिल्वा ने लपका। लंच के विश्राम के समय इशान किशन (18) और रविचंद्रन अश्विन (छह) पर क्रीज पर मौजूद है। दिन का पहला सत्र पूरी तरह कोहली के नाम रहा। वेस्टइंडीज के गेंदबाजों के खिलाफ रन बनाने में उन्हें कोई परेशानी नहीं हुई। उन्होंने अपनी पारी के दौरान 11 चौके लगाये जबकि 77 रन दौड़ कर लिये। दिन की शुरुआत 87 रन से करने वाले कोहली ने रोच की गेंद पर चौके के साथ अपना शतक पूरा किया। विदेशी धरती पर 2018 (पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ) के बाद कोहली का यह पहला शतक है।



### विराट का 500वां अंतरराष्ट्रीय मैच

यह विराट का 500वां अंतरराष्ट्रीय मैच है। वह इस मुकाम को छूने वाले भारत के चौथे और ओवरऑल 10वें क्रिकेटर हैं। उनसे पहले सचिन तेंदुलकर (664), महेला जयवर्धने (652), कुमार संगकारा (594), सनथ जयसूर्या (586), रिकी पोंटिंग (560), महेंद्र सिंह धोनी (538), शाहिद अफरीदी (524), जैक कैलिस (519) और राहुल द्रविड़ (509) ऐसा कर चुके हैं।

### विराट ने की ब्रैडमैन की बराबरी

विराट कोहली ने टेस्ट शतकों के मामले में ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज बल्लेबाज डॉन ब्रैडमैन की बराबरी कर ली है। ब्रैडमैन ने भी 29 शतक ही जमाए थे। दुनिया में कुल 15 बल्लेबाजों ने ही इससे ज्यादा शतक जमाए हैं। सचिन तेंदुलकर 51 टेस्ट शतक के साथ पहले स्थान पर हैं। भारतीय बल्लेबाजों में सचिन के अलावा राहुल द्रविड़ (36 शतक) और सुनील गावस्कर (34 शतक) ने ही विराट कोहली से ज्यादा शतक जमाए हैं।



### रहाणे-शुभमन रहे फेल

इससे पहले यशस्वी जायसवाल 57 रन, शुभमन गिल 10 रन, रोहित शर्मा 80 रन और अजिंक्य रहाणे आठ रन बनाकर आउट हुए। विंडीज की ओर से रोच, गैब्रियल, वारिकन और होल्डर ने अब तक एक-एक विकेट लिए हैं।

# सात्विक-चिराग कोरिया ओपन के सेमीफाइनल में



एजेंसी ▸▸ येओसु

भारतीय खिलाड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार पुरुष युगल जोड़ी ने शुक्रवार को यहां जापान के ताकुरो होकी और युगो कोबायाशी को सीधे गेम में हराकर कोरिया ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

तीसरी वरीय भारतीय जोड़ी ने महज 40 मिनट में जीत हासिल की। दुनिया की तीसरे नंबर की जोड़ी ने पांचवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी को 21-14, 21-17 से शिकस्त दी। सात्विक और चिराग का सामना अब चीन के वेई केंग लियांग और चांग वांग की दूसरी वरीय जोड़ी से होगा जो पुरुष युगल में 2021 विश्व चैंपियन हैं।

पीवी सिंधू, एचएस प्रणय और किदाम्बी श्रीकांत और अन्य भारतीय पहले ही टूर्नामेंट से बाहर हो चुके हैं।

### सेट 1

पिछले महीने इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट जीतने के बाद अपना पहला टूर्नामेंट खेल रही भारतीय जोड़ी को पहले छह अंक तक कड़ी टक्कर मिली। लेकिन लगातार चार अंक जीतकर सात्विक-चिराग ने बढ़त बना ली। इसके बाद सात्विक और चिराग ने पहला गेम आसानी से अपने नाम कर लिया।

### सेट 2

भारतीय जोड़ी ने दूसरे गेम में धीमी शुरुआत की जिससे वे 3-6 से पीछे चल रहे थे लेकिन उन्होंने समय पर वापसी करते हुए लगातार छह अंक हासिल कर 14-9 से बढ़त बना ली। उन्हें प्रतिद्वंद्वी टीम की 'अनफोर्स्ड' गलतियों से मदद भी मिली जिससे स्कोर 16-16 हो गया। सात्विक और चिराग ने अपने खेल में तेजी लाते हुए जीत हासिल की और अंतिम चार चरण में प्रवेश किया।

# डब्ल्यूएफआई का चुनाव अब 12 अगस्त को होगा

- महाराष्ट्र भागीदारी के लिए अयोग्य घोषित
- निर्वाचक मंडल में अब 24 राज्य निकायों से मतदान के अधिकार वाले 48 सदस्य
- पदों के लिए नामांकन एक अगस्त को दाखिल किए जाएंगे

भाषा ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के बहुप्रतीक्षित चुनाव 12 अगस्त को कराए जाएंगे, जिसमें महाराष्ट्र राज्य चुनाव प्रक्रिया का हिस्सा नहीं होगा, क्योंकि निर्वाचन अधिकारी न्यायमूर्ति एमएम कुमार ने दोनों प्रतिद्वंद्वी गुटों को भागीदारी के लिए अयोग्य करार दिया। यह घोषणा शुक्रवार को की गई। तदर्थ समिति ने इससे पहले छह जुलाई को चुनाव निर्धारित किए थे, लेकिन महाराष्ट्र, हरियाणा, तेलंगाना, राजस्थान और हिमाचल प्रदेश के संबंधित राज्य निकायों द्वारा सुनवाई के लिए संपर्क करने के बाद उसे 11 जुलाई को चुनाव पुनर्निर्धारित करने के लिए मजबूर होना पड़ा। गुवाहाटी उच्च न्यायालय ने असम कुश्ती संघ (एडब्ल्यूए) की याचिका के बाद चुनावों पर रोक लगा दी थी जिसके कारण ये चुनाव 11 जुलाई को भी नहीं हो सका था। एडब्ल्यूए ने चुनाव प्रक्रिया में प्रतिनिधित्व के अधिकार का आग्रह किया था।

**न्यायमूर्ति की घोषणा:** न्यायमूर्ति एमएम कुमार ने घोषणा की कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी सुप्रीमो शरद पवार और रामदास तडस के नेतृत्व वाले महाराष्ट्र के दो प्रतिद्वंद्वी गुट निर्वाचक मंडल के गठन के लिए अपने किसी भी सदस्य को नामित करने के लिए अयोग्य हैं। हरियाणा के मामले में जिस गुट में रोहताश सिंह और राकेश सिंह क्रमशः अध्यक्ष और सचिव हैं, उसे निर्वाचक मंडल में शामिल किया गया था। यह गुट बृजभूषण का करीबी है। कांग्रेस नेता दीपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व वाले गुट का दावा खारिज कर दिया गया।

### सुप्रीम कोर्ट ने हटाई थी रोक

उच्चतम न्यायालय ने डब्ल्यूएफआई के चुनाव पर गुवाहाटी उच्च न्यायालय की ओर से लगाई गई रोक हटाते हुए संबंधित चुनाव का मार्ग मंगलवार को प्रशस्त कर दिया था। निर्वाचक मंडल में अब 24 राज्य निकायों से मतदान के अधिकार वाले 48 सदस्य होंगे। पदों के लिए नामांकन एक अगस्त को दाखिल किए जाएंगे। अगर चुनाव की आवश्यकता हुई तो मतदान 12 अगस्त को आयोजित किया जाएगा। डब्ल्यूएफआई चुनावों से जुड़े पांच विवादों में से चार डब्ल्यूएफआई की पिछली समिति के पक्ष में रहा। हमजा-बिन ओमर और के नरसिंग राव को तेलंगाना राज्य से निर्वाचक मंडल में जोड़ा गया है। यह दोनों डब्ल्यूएफआई की पिछली समिति के करीबी है। हिमाचल प्रदेश से संबंधित विवाद में प्रतिद्वंद्वी गुटों के एक-एक सदस्य को निर्वाचक मंडल में जगह मिलने पर समझौता हो गया। वर्तमान महासचिव जगदीश और असंबद्ध इकाई से कुलदीप राणा को सूची में जोड़ा गया।

### बृजभूषण के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप गंभीर

नई दिल्ली। डब्ल्यूएफआई के निवर्तमान प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप गंभीर हैं, लेकिन इस स्तर पर उन्हें हिरासत में लेने से कोई उद्देश्य पूरा नहीं होगा। दिल्ली की एक अदालत ने एक आदेश में यह बात कही गई। अदालत ने बृहस्पतिवार को छह बार के भाजपा सांसद सिंह को नियमित जमानत दे दी थी। बता दें कि बृजभूषण पर छह महिला पहलवानों ने छेड़छाड़ और यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं।

### एशियाड ट्रायल में छूट पर आज फैसला देगी अदालत

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि पहलवान विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया को एशियाई खेलों के लिए चयन ट्रायल से मिली छूट को चुनौती देने वाली याचिका पर 22 जुलाई को फैसला सुनाया जाएगा। न्यायाधीश सुब्रहमण्यम प्रसाद ने अंडर 20 विश्व चैंपियन अंतिम पंघाल और अंडर 23 एशियाई चैंपियन सुजीत कलकल की याचिका पर शुक्रवार को फैसला सुरक्षित रखा। उन्होंने कार्यवाही के दौरान कहा, 'अदालत का काम यह पता लगाना नहीं है कि कौन बेहतर है। हमारा काम यह सुनिश्चित करना है कि प्रक्रिया का पालन हुआ या नहीं।' फोगाट (53 किलो) और पूनिया (65 किलो) को भारतीय ओलंपिक संघ की तदर्थ समिति ने मंगलवार को एशियाई खेलों में सीधे प्रवेश देने का फैसला किया। दूसरे पहलवानों के लिए ट्रायल 22 और 23 जुलाई को होने हैं। पंघाल और कलकल ने इस फैसले को चुनौती दी है।

# प्रो लीग अभियान का आगाज स्पेन के खिलाफ करेगा भारत

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग 2023-2024 सत्र के अपने अभियान का आगाज भुवनेश्वर में चीन के खिलाफ करेगी जबकि पुरुष टीम का सामना स्पेन से होगा। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ ने गुरुवार को पांचवें प्रो लीग के कार्यक्रम की घोषणा की। भारतीय खिलाड़ियों का मानना है कि इस टूर्नामेंट से उन्हें पेरिस ओलंपिक की तैयारी में मदद मिलेगी। दोनों टीमें अपने अभियान की शुरुआत भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम और राउरकेला के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम पर करेंगी। एफआईएच नेशंस लीग चैंपियन भारतीय महिला टीम छह फरवरी को चीन के खिलाफ भुवनेश्वर में खेलेगी। वहीं पुरुष टीम 10 फरवरी को कलिंगा स्टेडियम पर पहले मैच में स्पेन से खेलेगी। पिछले सत्र में भारत चौथे स्थान पर रहा था और इस बार नजरें पोडियम पर रहेंगी।

### भारतीय पुरुष 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल टीम ने रजत पदक जीता

नई दिल्ली। समीर, राजकंवर सिंह संधू और महेश आनंदकुमार की भारतीय तिकड़ी ने शुक्रवार को कोरिया के चांगवोन में अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) विश्व जूनियर चैंपियनशिप में पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता। प्रतियोगिता के छठे दिन भारतीय निशानेबाजों ने कुल 1730 अंक हासिल किए और चीन (1747 अंक) के बाद दूसरे स्थान पर रहा। चीन ने इस स्कोर के साथ मौजूदा जूनियर विश्व रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। महेश व्यक्तिगत 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल में भी पहुंचे लेकिन छठे स्थान से आगे नहीं बढ़ सके। उन्होंने दिन की शुरुआत में दूसरे रैपिड-फायर राउंड में 290 का मजबूत स्कोर बनाया और दो दिनों तक चले क्वालीफाइंग में कुल 578 का स्कोर बनाकर व्यक्तिगत पुरुष स्पर्धा में पांचवां स्थान हासिल किया।

# वनडे श्रृंखला जीतने उतरेगी महिला क्रिकेट टीम

एजेंसी ▸▸ मीरपुर

बांग्लादेश के खिलाफ शनिवार को तीसरे और आखिरी महिला एक दिवसीय क्रिकेट मैच में श्रृंखला जीतने के इरादे से उतरने वाली भारतीय टीम के शीर्षक्रम के बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। खराब शुरुआत के बाद भारत ने बुधवार को दूसरा मैच 108 रन से जीतकर वापसी की। बांग्लादेश के हाथों उसे पहले मैच में पहली बार पराजय का सामना करना पड़ा था। तीसरे मैच में भारत की नजरें न सिर्फ जीत पर होंगी बल्कि अपनी गलतियों को सुधारने और पिच के बारे में और जानने पर भी रहेंगी चूंकि अगले साल बांग्लादेश में ही विश्व कप होना है। पहले मैच में भारतीय टीम 113 रन पर ढेर हो गई थी। दूसरे वनडे में हालांकि कप्तान हरमनप्रीत कौर और जेमिमा रौड्रिग्स ने अर्धशतक जमाए। जेमिमा ने हालांकि कॅरियर की सर्वश्रेष्ठ 86 रन की पारी खेलकर फॉर्म में वापसी की। कप्तान हरमनप्रीत ने अच्छी पारी खेली लेकिन उनके हाथ में चोट लग गई। देखना है कि वह इस मैच के लिए पूरी तरह फिट हैं या नहीं।



# एशिया कप शेड्यूल पर बांग्लादेश बोर्ड ने निराशा जताई

नई दिल्ली।

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) ने एशिया कप 2023 के शेड्यूल पर निराशा जताई है। इउइ ने गुरुवार को कहा, अत्यधिक यात्रा का असर आगामी एशिया कप पर पड़ेगा।

टूर्नामेंट हाइब्रिड मॉडल में खेला जा रहा है। ऐसे में बांग्लादेश लीग स्टेज का पहला मैच 31 अगस्त को श्रीलंका के खिलाफ श्रीलंका में खेलेगा। वहीं मैच 3 सितंबर को अफगानिस्तान के खिलाफ लाहौर में खेलेगा। अगर टीम सुपर-4 में पहुंचती है तो उसे फिर श्रीलंका जाना होगा।

BCB क्रिकेट ऑपरेशन के अध्यक्ष जलाल यूनुस ने बुधवार को शेर-ए-बांग्ला नेशनल स्टेडियम में मीडिया से कहा, 'हम कुछ नहीं कर सकते हैं, क्योंकि यह ACC का फैसला है। यात्रा को आरामदायक बनाने के लिए ACC अधिकारियों ने टीमों को चार्टर्ड प्लेन में यात्रा कराने का फैसला किया है।'

उन्होंने आगे कहा, 'यदि आप हवाई यात्रा कर रहे हैं तो आपको 2 घंटे पहले जाना होगा। इन सभी चीजों की तैयारी करना मानसिक रूप से तनावपूर्ण होता है।'

BCB एशिया कप के तैयारी के लिए 31 जुलाई से कैम्प शुरू करने वाली है।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

**मणिपुर में मानवता को शर्मसार करने वाली घटना के विरोध में प्रोफेसर डॉ. सी.बी. यादव के नेतृत्व में...**

# जिन्हें नाज है हिन्द पर, आज वो कहां है ?- डॉ.सी.बी.यादव

## राजस्थान विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर प्रतिरोध सभा एवं कैंडल मार्च का हुआ आयोजन






**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**जयपुर (सुनील कुमार पाराशर चौमूं )।** मणिपुर में मानवता को शर्मसार करने वाली घटना के विरोध में राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान विश्वविद्यालय के सहायक प्रो.डॉ सी.बी.यादव की पहल पर राजस्थान विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर प्रतिरोध सभा एवं कैंडल मार्च का आयोजन हुआ। इस प्रतिरोध सभा में मणिपुर हम शर्मिंदा है ! की टैगलाइन के साथ हाथों में तख्तियां लेकर सैकड़ों विद्यार्थी एवं विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं नागरिक समाज के लोगों ने अपना विरोध जाहिर किया। प्रतिरोध सभा के उपरांत विश्वविद्यालय मुख्य



द्वार से विश्वविद्यालय के कैंपस में कैंडल मार्च निकाला गया। प्रतिरोध सभा की अगुवाई कर रहे डॉ.सी.बी.यादव ने बताया कि मणिपुर की घटना को समाज में इंसानियत के संकट के तौर पर देखा जाना चाहिए। देश में सांप्रदायिक एवं विभाजनकारी ताकतों ने मनुष्य के भीतर मानवीय तत्व को खत्म करके धीरे-धीरे एक हिंसक बर्बर भीड़ में तब्दील कर दिया है। ऐसी भीड़ मणिपुर में नहीं बल्कि हमारे चारों और भी निर्मित हो रही है। यदि आज मणिपुर के मुद्दे पर समाज मोहन रहता है तो यह सवाल उठता है कि जिन्हें नाज है हिन्द पर, आज वो कहां है ? विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं छात्र वक्ताओं ने विचार प्रकट करते हुए कहा कि मणिपुर की हिंसा सरकारी संरक्षण में एक राजनीतिक षड्यंत्र है। यदि ऐसी विकट स्थिति भी संवैधानिक तंत्र की विफलता नहीं मानी जाएगी तो फिर संविधान में राष्ट्रपति शासन की संकल्पना को रखने का कोई औचित्य नहीं रह जाता हैं। मणिपुर पर पिछले ढाई महीनों में प्रधानमंत्री की चुप्पी ने यहां की हिंसा को मौन सहमति प्रदान किया है। यह देश के लिए शर्मनाक है। इस प्रतिरोध सभा एवं कैंडल मार्च में एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रवक्ता रमेश भाटी, हितेश यादव, मीठा लाल, रोहिताश मीणा, विकास बुडानिया,अक्षय सिंह, सोनू बैरवा व नोमान खान सहित सैंकड़ों छात्र नेता मौजूद रहे।



## पीसीसी सदस्य लांबा व पूर्व नेता प्रतिपक्ष चौधरी ने जयपुर एडीएम दिनेश शर्मा को सौंपा ज्ञापन

### चौमूं को जयपुर जिला ग्रामीण का जिला मुख्यालय बनाए जाने की पीसीसी सदस्य व पूर्व नेता प्रतिपक्ष ने उठाई

**चौमूं में जिले की अन्य तहसील के लोगों को आवागमन में होगी सुगमता,जयपुर शहर पर नहीं बढ़ेगा अनावश्यक दबाव : महेन्द्र लांबा**

**चौमूं में प्रशासकीय मॉनिटरिंग भी प्रभावी रूप से की जा सकेगी : शैलेंद्र चौधरी**

**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**जयपुर (सुनील कुमार पाराशर चौमूं )**पीसीसी सदस्य महेंद्र लांबा व पूर्व नेता प्रतिपक्ष शैलेंद्र चौधरी नगर पालिका चौमूं ने शुक्रवार को जयपुर एडीएम दिनेश शर्मा से मुलाकात कर



प्रदेश के नए जिले जिला जयपुर ग्रामीण का मुख्यालय चौमूं बनाये जाने की माँग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा ।ज्ञापन में बताया गया कि राजस्थान सरकार की बजट घोषणा अनुसार जयपुर जिले के दो भाग किए गए हैं,जिनमें चौमूं विधानसभा को जिला जयपुर ग्रामीण में शामिल किया गया है । चौमूं जिला जयपुर ग्रामीण की सभी तहसीलों के मध्य में स्थित है, जहां अन्य तहसील के लोगों को कार्यों के लिए यातायात के आवागमन में सुगमता होगी एवं जयपुर शहर में अनावश्यक जनदबाब भी नहीं बढ़ेगा साथ ही चौमूं शहर जिले के मध्य में होने के से प्रशासन द्वारा अन्य तहसीलों एवं चौमूं में प्रशासकीय मॉनिटरिंग भी प्रभावी रूप से की जा सकेगी ।

**ईवीएम वीवीपैट मशीनों के प्रदर्शन के साथ जागरूकता रैली का भी हुआ आयोजन**

## लोकतंत्र के महापर्व में हर एक मतदाता की भागीदारी है जरूरी




**सितारा न्यूज नेटवर्क**

जयपुर। आगामी विधानसभा चुनावों में प्रत्येक मतदाता की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जयपुर जिला प्रशासन द्वारा आयोजित मतदाता जागरूकता अभियान जारी है। अभियान के तहत ईवीएम डेमोंसट्रेशन सेंटर पर मशीन का प्रदर्शित करने के साथ ही आम नागरिकों को ईवीएम में मॉक पोल के जरिये मतदान प्रक्रिया समझाई जा रही है। वहीं, अलग अलग माध्यमों से मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता अभियान की इसी कड़ी में विधानसभा क्षेत्र हवामहल के शास्त्रीनगर में स्कूली बच्चों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में बड़ी तादाद में स्कूली बच्चों ने हाथों में मतदान को प्रेरित करने वाले संदेश लिखी पट्टियां लेकर उत्साह से नारे लगाए। सारा काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो के संदेश के साथ निकली गई मतदाता जागरूकता रैली आमजन के आकर्षण का केन्द्र बनी रही। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि भारतीय निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाताओं को जागरूक करने के लिए नियमित कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। इस कार्यक्रम के तहत रोजाना हजारों लोग इन मतदान प्रदर्शन केन्द्रों पर मॉक पोलिंग कर ईवीएम से मतदान की प्रक्रिया को समझ रहे हैं।

**महाकुम्भ के अध्यक्ष राजेंद्र केडिया हुए मीडिया से रूबरू**

# जयपुर में 23 जुलाई को अग्र महाकुम्भ में 'अग्रवाल समाज' दिखाएगा अपनी ताकत

## महाकुंभ के लिए प्रमुख मांगों को लेकर बकायदा एक मांग पत्र तैयार किया गया




**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**जयपुर/जनीश सिंह।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन और ऑल राजस्थान अग्रवाल समाज सेवा समिति के तत्वावधान में प्रदेश का अग्रवाल समाज रविवार 23 जुलाई को जयपुर में विराट अग्र महाकुम्भ का आयोजन करेगा। महाकुम्भ में जयपुर सहित प्रदेश के समस्त जिलों के समाज बंधु बड़ी संख्या में हिस्सा लेंगे। साथ ही प्रदेश की 200 में से 140 विधानसभा क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व होगा। महाकुम्भ के अध्यक्ष राजेंद्र केडिया ने प्रेसवार्ता में पत्रकारों को बताया कि महाकुंभ में एक लाख से अधिक समाज बंधु प्रदेश के कोने-कोने से शमिल होंगे। महाकुंभ का मंच पूरी तरीके से गैर राजनीतिक होगा और मंच से सिर्फ समाज हित की बातें की जाएंगी। उन्होंने बताया कि इस महाकुंभ के लिए बकायदा एक मांग पत्र तैयार किया गया है, जिसमें सबसे प्रमुख मांग विधानसभा चुनावों में पर्याप्त प्रतिनिधित्व देने की है। प्रदेश की सभी पार्टियों से 20-20 टिकट देने की मांग की गई है। ऐसा नहीं करने पर समाज नोटा का बटन दबाने का फैसला भी कर सकता है। प्रदेश की लगभग 140 विधानसभा सीटों पर अग्रवाल समाज के मतदाताओं की अच्छी संख्या है। इसके बावजूद समाज को मिलने वाली सीटों की संख्या हर चुनाव में कम होती जा रही हैं। पूरे प्रदेश में लगभग 40 लाख मतदाता होने के बावजूद भी अग्रवाल समाज को राजनीतिक रूप से नजर अंदाज किया जाता रहा है। यही कारण है कि अब समाज इस विषय को लेकर आक्रोशित है। उन्होंने कहा कि जयपुर में भी अग्रवाल समाज के 5 लाख मतदाता हैं लेकिन उस अनुपात में विधानसभा या लोकसभा चुनावों में समाज को प्रतिनिधित्व नहीं दिया जाता है। ऐसे में इन हालातों पर समाज में गहरी नाराजगी है। इसके साथ ही दूसरी मांग प्रदेश में श्री अग्रसेन कल्याण बोर्ड के गठन की रखी गई है। गत कुछ महीनों में राज्य सरकार ने विभिन्न समाजों से जुड़े बोर्ड का गठन किया है। ऐसे में अग्रवाल समाज के लोगों के हित में श्री अग्रसेन कल्याण बोर्ड का भी गठन किया जाना चाहिए।

### शहरों और गांवो की होगी महाकुंभ में भागीदारी

अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग ने बताया कि जयपुर के साथ ही सीकर, झुंझुनूं, चूरू, अलवर, दौसा, भरतपुर, टोंक, सवाई माधोपुर, अजमेर, भीलवाड़ा, कोटा, बीकानेर, जोधपुर सहित प्रदेशभर से बड़ी संख्या में अग्रबंधु इस महाकुंभ में शामिल होने जयपुर पहुंच रहे हैं। जयपुर के चारों तरफ के ग्रामीण इलाकों में भी बड़े पैमाने पर जनसंपर्क किया गया है। इसके साथ ही इन इलाकों से महाकुंभ में शामिल होने वाले वाहनों का ब्यौरा भी एकत्र किया जा रहा है। अभी तक लगभग 5 हजार वाहनों का रजिस्ट्रेशन महाकुंभ के लिए किया जा चुका है। जयपुर आने वाले सभी राजमार्गों पर लगभग दो दर्जन चौक प्वाइंट निर्धारित कर दिए गए हैं। बाहर से वाहनों के माध्यम से आने वाले अग्रबंधुओं के खाने-पीने की व्यवस्था इन चौक प्वाइंट्स पर की जाएगी। साथ ही हर चेक प्वाइंट पर लगभग 20-20 वॉलिंटियर्स की टीम भी तैनात रहेगी। ऑल राजस्थान अग्रवाल समाज सेवा समिति संभालेगी कमान महाकुंभ के मुख्य संयोजक आनंद गुप्ता ने बताया कि जयपुर में अग्रवाल समाज की सभी समितियों की बैठकें आयोजित की जा रही हैं। इन समितियों के माध्यम से हर समाजबंधु के घर महाकुंभ में शामिल होने की अपील पहुंच रही है। लक्ष्य रखा गया है कि कार्यक्रम के दिन समाज के हर व्यक्ति की उपस्थिति विद्याधर नगर स्टेडियम में हो। उन्होंने बताया कि महाकुंभ को सफल बनाने के लिए ऑल अग्रवाल समाज सेवा समिति एवं शहर की सभी समाज समितियों के लगभग 10 हजार कार्यकर्ता नियुक्त किए गए हैं, जो राजधानी के सभी 9 विधानसभा क्षेत्रों में प्रचार से लेकर 23 जुलाई को सभा स्थल तक की जिम्मेदारी संभालेंगे।

## नाबालिग से रेप दोषी को 10 साल की जेल

### *कट्टे के दम पर कई बार किया दुष्कर्म, 70 हजार का जुमार्ना भी लगाया*

**सितारा न्यूज नेटवर्क**

**धौलपुर।** जिले के विशेष पॉक्सो कोर्ट ने एक 17 वर्षीय नाबालिग के अश्लील फोटो खींच कर रेप करने के मामले में आरोपी को 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। आरोपी ने पीड़िता को अश्लील फोटो को वायरल करने की धमकी देकर कई बार दुष्कर्म किया था।

पॉक्सो कोर्ट के विशिष्ट लोक अभियोजक संतोष मिश्रा ने बताया कि धौलपुर जिले के मनिया थाना पर एक परिवादी ने 14 अप्रैल 2021 को मामला दर्ज कराया था। रिपोर्ट में बताया कि 13 अप्रैल 2021 की देर रात को एक युवक उसके घर में घुस आया और जाग होने पर युवक परिवार की महिला को धक्का देकर भाग गया। पीड़ित नाबालिग ने अपने परिजनों को बताया कि करीब बीस दिन से कमल सिंह उसे स्कूल आते-जाते परेशान करता था और दस दिन पहले आरोपी कमल सिंह नाबालिग के कमरे में आ गया और उसने कट्टे की नोक पर उसके साथ कई फोटो खींच लिए। फोटो वायरल करने की धमकी देते हुए आरोपी कमल सिंह ने उसके कमरे पर आकर जबरन चार बार दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया।

मनिया थाना पुलिस ने आरोपी कमल सिंह के खिलाफ मामला दर्ज किया। मामले की जांच कर रहे मनिया सीओ मनोज गुप्ता ने आरोपी कमल सिंह पुत्र सीताराम को गिरफ्तार कर पॉक्सो न्यायालय में पेश किया। आरोपी कमल सिंह न्यायिक अभिरक्षा में चल रहा है। लोक अभियोजक मिश्रा ने कोर्ट में साक्ष्य पेश कर दस्तावेजों को साबित कराया। प्रकरण में न्यायाधीश जमीर हुसैन ने दोनों पक्षों की बहस और लोक अभियोजक की दलील सुनने के बाद शुक्रवार को आरोपी कमल सिंह को आईपीसी की धारा 450,376(2) एन एवं पॉक्सो एक्ट की धारा 5(2),6 और 7 व 8 में दस वर्ष के कठोर कारावास और आईटी एक्ट में तीन वर्ष की सजा सुनाई हैं। जिसे साथ ही 70 हजार रुपए के अर्थ दंड से दण्डित किया हैं। सभी सजाएं एक साथ चलेंगी।

### पुलिस को आर्म्स एक्ट-NDPS का आरोपी दे रहा था चकमा: 4 साल बाद गिरफ्त में

**जोधपुर।** जोधपुर ग्रामीण की कापरड़ा थाना पुलिस ने 4 साल से हत्या और एनडीपीएस एक्ट के मामले में फरार चल रहे 21 हजार रुपए के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर मंडोर थाने में भी आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज है।

ग्रामीण पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव ने बताया कि फरार आरोपियों को पकड़ने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर शुक्रवार को 21 हजार के इनामी आरोपी पुखराज पुत्र कोजाराम विश्नोई निवासी रावर की ढाणी पुलिस थाना कापरड़ा को दस्तयाब किया गया।आरोपी बहुत ही शातिर था। पिछले 4 साल से पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था।

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक प्रमोद कुमार शर्मा के लिए पूजा प्रिंटर्स सी-4, सुदर्शनपुरा, इंडस्ट्रीज एरिया, जयपुर से मुद्रित एवं 23, गोपी नगर, नियर कुकरखेड़ा मंडी गेट शरद कांटा गली, मुरलीपुरा, जयपुर से प्रकाशित किया जाता है। संपादक प्रमोद कुमार शर्मा। पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा। संपादक : प्रमोद कुमार शर्मा, मों. 8504812999 ई-मेल : Viksa.pramod999@gmail.com